


बालाघाट म.प्र. से प्रकाशित एवं बालाघाट, सिवनी (म.प्र.) एवं गोंदिया भंडारा (महा.) मे एक साथ प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 08 जून 2026 दिन - सोमवार वर्ष-14 वां पृष्ठ - 12 अंक - 131 मूल्य - 5 रुपये









## केरल से बढ़ता हुआ महाराष्ट्र पहुंचा मानसून..



नई दिल्ली।

***उत्तर भारत समेत देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ रही है। गर्मी का पारा 45 डिग्री तक पहुंच रहा है। अब सभी को मानसून का बेसब्री से इंतजार है। केरल में मानसून ने दस्तक दे दी है। अब ये मानसून आगे के राज्यों की ओर बढ़ रहा है।***

ऐसे में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने मानसून को लेकर ताजा अपडेट दिया है। आईएमडी के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर में 25 से 30 जून के मानसून के आने की संभावना है। उत्तर प्रदेश में ये मानसून 20 से 25 जून के बीच आ सकता है। मानसून के आने के बाद ही दिल्ली-एनसीआर और उत्तर प्रदेश के लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल सकती है। आईएमडी ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के चलते नोएडा, गुरुग्राम और गाजियाबाद सहित पड़ोसी एनसीआर शहरों में 25 से 30 जून के बीच ही बारिश का अनुमान जताया गया है।

मानसून के पूर्वानुमान के अनुसार, यह उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ते हुए हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ के कुछ हिस्सों में पहुंचेगा, जबकि हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर और लद्दाख में भी दिल्ली-एनसीआर के साथ ही आंशिक रूप से बारिश हो सकती है। पिछले साल, दक्षिण-पश्चिम मानसून 29 जून को दिल्ली में पहुंचा था, जो 1961-2019 के औसत के आधार पर इसकी सामान्य शुरुआत की तारीख 27 जून से दो दिन बाद था। इस बार दिल्ली-एनसीआर में ये मानसून समय से ही आने की संभावना जताई जा रही है।

### केरल से होते हुए गोवा और महाराष्ट्र पहुंचा मानसून

इस बार केरल में 4 जून को मानसून पहुंचा, जो इसकी सामान्य शुरुआत की तारीख 1 जून से तीन दिन बाद और आईएमडी के 26 मई के पहले के पूर्वानुमान से लगभग एक सप्ताह पीछे थी। हालांकि, इसके बाद यह तेजी से आगे बढ़ा और 5 जून तक पश्चिमी तट के बड़े हिस्से को गोवा तक कवर कर लिया , फिर 6 जून को महाराष्ट्र में प्रवेश कर गया।

## सुनेत्रा पवार की राज्यसभा सीट पर अब पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन होंगे राज्यसभा सदस्य, गोंदिया में जश्न का माहौल..

मुंबई/गोंदिया।

***राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कोटे से राज्यसभा सदस्य बनी सुनेत्रा पवार के उपमुख्यमंत्री बनने तथा बारामती विधानसभा सीट पर चुनाव जीतने के बाद रिक्त हुई राज्यसभा सीट पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक राजेंद्र जैन को उम्मीदवार बनाया है।***

प्राप्त जानकारी के अनुसार पार्टी की ओर से छगन भुजबल के नाम की चर्चाएं चल रही थी, वहीं भाजपा की नवनीत राणा का नाम भी राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ था, लेकिन अंततः पार्टी नेतृत्व ने पार्टी निष्ठ एवं सांसद प्रफुल पटेल के विश्वासपात्र पूर्व विधायक राजेंद्र जैन को राज्यसभा में भेजने का फैसला लिया। गौरतलब है कि हाल ही में पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन गोंदिया में सांसद प्रफुल पटेल की परछाई के रुप में कार्य करते रहे हैं। गोंदिया में गोंदिया एजुकेशन सोसायटी के सचिव के साथ ही वे गोंदिया जिला डिस्ट्रीक्ट सेंट्रल को ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष भी हैं, तो वहीं श्री जैन ने गोंदिया जिले में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का बखुबी विगत अनेक वर्षो से नेतृत्व करते हुए संगठन को अनुशासित बनाये रखने के साथ ही सक्रिय भुमिका निभाई है।




राजनीतिक क्षेत्र में प्रभाव के साथ ही शासन प्रशासन के बीच भी पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन ने कुशल नेतृत्व किया है, जिसका परिणाम है कि एक बार फिर जबकि हाल ही में विधान परिषद चुनाव घोषित किये गए थे, महायुति में भाजपा और राष्ट्रवादी की सीट पर गोंदिया भंडारा विधान परिषद में पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन को पुनः विधान परिषद के माध्यम से अवसर दिये जाने की मांग की जा रही थी, लेकिन भाजपा ने विधान परिषद सीट पर भाजपा उम्मीदवार को ही अवसर देने की ठान रखी थी। इस स्थिति में भले ही सांसद पटेल एवं पूर्व विधायक जैन की सहमति पर अविनाश ब्राह्मणकर को विधान परिषद में उम्मीदवार बनाया गया, लेकिन राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन को अवसर नहीं दिये जाने से मायूसी छाई हुई थी। हालांकि स्वयं प्रफुल पटेल भी राजेन्द्र जैन को योग्य जवाबदारी देने की चाहत रखे हुए थे, लेकिन गठबंधन के समीकरणों का उन्होंने सम्मान रखा, लेकिन सांसद पटेल के मन में राजेन्द्र जैन के लिये चाहतें बरकरार थी। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जैसे ही राज्यसभा सदस्य के लिये सुनेत्रा पवार की सीट पर चयन की बारी आई, प्रफुल पटेल ने राजेन्द्र जैन का नाम आगे बढ़ा दिया, जिसे सुनेत्रा पवार और सुनील तटकरे संहित राष्ट्रवादी कांग्रेस ने सहमति प्रदान की, और एक बार फिर गोंदिया में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में खुशी की लहर छा गई। जानकारी के अनुसार राजेन्द्र जैन आज 08 जून सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

## राम मंदिर' में चढ़ावे में आए करोड़ों रुपये गायब : अखिलेश यादव

**लखनऊ, (भाषा)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को दावा किया कि अयोध्या स्थित राम मंदिर के चढ़ावे में आए करोड़ों रुपये गायब हो गये। यादव ने इस मामले में अदालत से स्वतः संज्ञान लेने का अनुरोध किया है। उन्होंने रविवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, समस्त विश्व में भगवान राम के उपासकों के लिए ये एक बेहद संवेदनशील समाचार है कि 'राम मंदिर' के चढ़ावे की करोड़ों की रकम गायब पायी गई है। यादव ने पोस्ट में कहा, ये मंदिर ट्रस्ट के लिए अत्यंत शर्मनाक स्थिति है। कोई भी सफाई देने के लिए सामने नहीं आना चाहता है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, अदालत से स्वतः संज्ञान लेने की मांग है क्योंकि इसका सीधा संबंध वैश्विक स्तर पर समस्त सनातनी समाज की प्रभु राम में गहरी आस्था से जुड़ा है। सरकार की चुप्पी संदिग्ध है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने रविवार को एक बयान में कहा, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र का समय-समय पर आंतरिक ऑडिट होता रहता है। इस प्रक्रिया में ट्रस्ट और स्टेट बैंक ऑफइंडिया के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। ऑडिट की प्रक्रिया कई दिनों तक चलती है। इन दिनों भी यही काम हो रहा है। अभी तक कोई खास बात सामने नहीं आई है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के न्यासी और निर्मोही अखाड़े के महंत दिनेन्द्र दास ने अखिलेश यादव के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए पत्रकारों से कहा, अगर इस मामले में किसी ने कुछ गलत किया है, तो भगवान राम स्वयं उन्हें दंडित करेंगे। उन्होंने कहा कि अधिकारियों और सरकार द्वारा लिया गया कोई भी निर्णय ट्रस्ट को स्वीकार्य है। दास ने कहा, अगर कोई गलती हुई है, तो वह सामने आ जाएगी। अगर कोई कुकर्म हुआ है, तो जिम्मेदार लोगों को उसके परिणाम भुगतने होंगे।

## रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 29 रुपये की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली, (भाषा)।** देश में रसोई गैस (एलपीजी) की कीमत में 29 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई है। वैश्विक ऊर्जा बाजार में वृद्धि के चलते सरकारी ईंधन खुदरा विक्रेताओं को लगातार चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके चलते तीन महीनों में यह दूसरी बढ़ोतरी की गई है। उद्योग सूत्रों के अनुसार, दिल्ली में 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत सात जून से 913 रुपये से बढ़कर 942 रुपये हो जाएगी। पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने और अंतरराष्ट्रीय ईंधन कीमतों में वृद्धि होने के बाद सात मार्च को की गई 60 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी के बाद यह दूसरी बार वृद्धि की गई है। सूत्रों के अनुसार, नवीनतम संशोधन से पहले सरकारी तेल विपणन कंपनियों को बेचे गए प्रत्येक एलपीजी सिलेंडर पर लगभग 703 रुपये का नुकसान हो रहा था।









जग प्रेरणा
# जिला सिवनी
● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - 9329033433

### जिला सिवनी मुख्यालय में निकाली गई संडे साइकिल रैली..

## पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी ने दिखाई हरी झंडी, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश..



जगप्रेरणा सिवनी।

***सिवनी जिला मुख्यालय में रविवार 06 जून की शाम को 'संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थानीय हॉकी स्टेडियम से शुरू हुई रैली को पुलिस***

अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। फिट इंडिया अभियान और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया। इस रैली में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। साइकिल रैली हॉकी स्टेडियम से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी और निर्धारित स्थल पर समाप्त हुई। इस दौरान प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण, ईंधन बचत और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। पुलिस विभाग, खेल प्रेमियों, युवाओं, विद्यार्थियों और सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी की।

### बोले पुलिस अधीक्षक..

इस अवसर पर सिवनी पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी ने साइकिल चलाने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के बीच साइकिलिंग एक प्रभावी और सरल विकल्प है। नियमित साइकिल चलाने से शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है और कार्बन उत्सर्जन में कमी आती है, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलता है। श्री लालचंदानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी 'मन की बात' कार्यक्रम में नागरिकों से छोटी दूरी के लिए साइकिल का उपयोग करने और ईंधन बचाने का आह्वान किया है। उन्होंने साइकिलिंग को स्वास्थ्य, पर्यावरण और आर्थिक बचत से जुड़ा जनआंदोलन बताया है। 'फिट इंडिया मूवमेंट' के तहत भी साइकिलिंग को विशेष महत्व दिया गया है। कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों ने दैनिक जीवन में साइकिल का अधिक उपयोग करने और दूसरों को भी प्रेरित करने का संकल्प लिया।

आयोजकों ने बताया कि स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और स्वच्छ, हरित पर्यावरण के निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ऐसे आयोजन नियमित रूप से किए जाएंगे। 'संडे ऑन साइकिल' जैसे आयोजन समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और युवाओं को फिटनेस तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह आयोजन रात तक जारी रहा।

## अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा चार लाख के मोबाइल फोन बरामद किए

### धारकों को लौटाए गए बरामद मोबाइल..



जगप्रेरणा सिवनी।

***सिवनी कोतवाली थाना पुलिस ने एक विशेष अभियान के तहत लगभग 4 लाख रुपये मूल्य के 20 गुम मोबाइल फोन बरामद किए हैं।***

इन फोनों को उनके वास्तविक धारकों को वापस सौंप दिया गया। मोबाइल वापस मिलने पर मालिकों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की।

जानकारी के अनुसार, पिछले छह माह के दौरान कोतवाली थाना क्षेत्र के 20 लोगों ने अपने मोबाइल फोन गुम होने की शिकायत दर्ज कराई थी। इन शिकायतों को सीबीआरआई **(CBRI)** पोर्टल पर भी दर्ज किया गया था। शिकायतों के प्राप्त होने के बाद, पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के निर्देशन में मोबाइल खोजने की विशेष कार्रवाई शुरू की गई।

### बोले एसडीओपी परते..

सिवनी एसडीओपी परते ने बताया कि गुम हुए मोबाइल फोन की लोकेशन और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर लगातार जांच की गई। थाना कोतवाली प्रभारी सतीश तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर तलाश कर अलग-अलग कंपनियों के कुल 20 मोबाइल फोन बरामद किए। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 4 लाख रुपये है। मोबाइल बरामद होने के बाद, संबंधित दस्तावेजों और पहचान की प्रक्रिया पूरी कर उन्हें उनके वास्तविक मालिकों को सुपुर्द किया गया। लंबे समय से अपने मोबाइल की वापसी की उम्मीद छोड़ चुके लोगों ने फोन वापस मिलने पर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

### एसडीओपी द्वारा जनता से अपील..

एसडीओपी ने नागरिकों से अपील की है कि मोबाइल फोन गुम होने या चोरी होने की स्थिति में तत्काल नजदीकी पुलिस थाना अथवा सीबीआरआई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। इससे समय रहते तकनीकी सहायता से मोबाइल को ट्रेस कर बरामद किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पुलिस आमजन की सुरक्षा और उनकी संपत्ति की रक्षा के लिए लगातार कार्य कर रही है।

### इनका रहा योगदान..

इस कार्रवाई में थाना कोतवाली प्रभारी सतीश तिवारी सहित थाना स्टाफकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की इस सफलता को आमजन के बीच विश्वास बढ़ाने वाली पहल माना जा रहा है।

## 14 जून को ऑनलाइन योग सत्र में जुड़कर बनें गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड का हिस्सा..

जगप्रेरणा सिवनी।

***बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अंतर्गत आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा देशभर के नागरिकों की सहभागिता से एक विशेष ऑनलाइन योग सत्र आयोजित किया जा रहा है।***

यह योग सत्र 14 जून 2026 को प्रातः 6:15 बजे से 7:35 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें एक साथ सर्वाधिक लोगों की भागीदारी के माध्यम से गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा।

इस कार्यक्रम का प्रसारण आयुष मंत्रालय के यूट्यूब प्लेटफॉर्म पर किया जाएगा। मंत्रालय ने सभी जनप्रतिनिधियों, शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों, योग प्रशिक्षकों, योग अभ्यासकर्ताओं एवं आम नागरिकों से इस ऐतिहासिक पहल में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए इच्छुक प्रतिभागियों को टोल-फ्री नंबर 1800-315-7008 पर मिस्ड कॉल देकर पंजीयन कराना होगा। पंजीयन के बाद प्रतिभागियों को व्हाट्सएप संदेश के माध्यम से ऑनलाइन योग सत्र का लिंक प्राप्त होगा।

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रयास में प्रत्येक प्रतिभागी की सहभागिता महत्वपूर्ण होगी। इसके लिए आवश्यक है कि सभी प्रतिभागी अपने व्यक्तिगत मोबाइल, लैपटॉप, टैबलेट अथवा अन्य डिजिटल उपकरण से अलग-अलग लॉग-इन करें, क्योंकि प्रत्येक पंजीकृत डिवाइस को आधिकारिक रिकॉर्ड में शामिल किया जाएगा। जिला प्रशासन ने जिले के सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में इस ऑनलाइन योग सत्र से जुड़कर योग को जन-जन तक पहुंचाने तथा भारत को एक नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित करने में सहयोग देने की अपील की है।

## ऊंची इमारतों में अग्नि सुरक्षा जांच के लिए निरीक्षण समितियों का गठन..

जगप्रेरणा सिवनी।

***जिले में स्थित स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, मॉल, होटल, रेस्टोरेंट एवं मैरिज लॉन जैसी ऊंची इमारतों में अग्नि सुरक्षा मानकों के प्रभावी अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा निरीक्षण समितियों का गठन***

किया गया है। जारी आदेश के अनुसार संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) समिति के अध्यक्ष होंगे। समिति में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), मुख्य नगर पालिका अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, सहायक यंत्री नगर पालिका, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग तथा कार्यपालन यंत्री विद्युत विभाग को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। गठित समितियां अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित संस्थानों का निरीक्षण कर अग्नि सुरक्षा उपकरणों, फायर सेफ्टी सिस्टम, आपातकालीन निकास मार्ग एवं अन्य सुरक्षा संसाधनों की उपलब्धता का परीक्षण करेंगी। साथ ही यह भी सुनिश्चित करेंगी कि संबंधित संस्थानों द्वारा अग्नि सुरक्षा संबंधी निर्धारित मानकों एवं नियमों का पालन किया जा रहा है या नहीं।

निरीक्षण के दौरान यदि किसी संस्था में अग्नि सुरक्षा के पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं पाए जाते हैं अथवा आवश्यक अनुमतियां प्राप्त नहीं की गई हैं, तो समिति संबंधित संस्था को आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश देगी तथा कमियों को दूर करने के लिए समय-सीमा निर्धारित करेगी। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित संस्थानों से अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने तथा निरीक्षण कार्य में सहयोग करने की अपील की है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### संक्षिप्त समाचार

### राजीव गांधी पंचायत राज संगठन की बैठक 9 जून को होगी..

जगप्रेरणा सिवनी।

राजीव गांधी पंचायत राज संगठन जिला इकाई सिवनी की एक आवश्यक बैठक दिनांक 9 जून 2026 दिन मंगलवार को दोपहर 2 बजे से जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन सिवनी में आयोजित की गई है। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय श्री नरेश मरावी एवं अन्य वरिष्ठ नेता गण उपस्थित रहेंगे। संगठन के जिला अध्यक्ष मोहन सिंह चंदेल ने उक्ताशय की जानकारी देते हुए समस्त पदाधिकारीयो एवं समस्त सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

### पिछड़ा वर्ग विभाग की बैठक 9 जून को होगी..

जगप्रेरणा सिवनी।

जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग जिला इकाई सिवनी की एक आवश्यक बैठक दिनांक 9 जून 2026 दिन मंगलवार को दोपहर 12 बजे से जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन सिवनी में आयोजित की गई है। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय श्री नरेश मरावी एवं अन्य वरिष्ठ नेता गण उपस्थित रहेंगे। संगठन के जिला अध्यक्ष विनोद यादव ने उक्तशय की जानकारी देते हुए समस्त पदाधिकारीयो एवं समस्त सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

सिवनी में जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करें..हसीब मोहम्मद 7898530101

## महिला सशक्तिकरण और आजीविका संवर्धन का बना मंच, उन्नति सीएलएफ की वार्षिक साधारण सभा संपन्न



जगप्रेरणा सिवनी।

***महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्यरत उन्नति महिला आजीविका संकुल स्तरीय संगठन लखनवाड़ा की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन ग्राम करीरात में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।***

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंजली शाह उपस्थित रहीं। अध्यक्षता संकुल संगठन अध्यक्ष श्रीमती शीतल विश्वकर्मा ने की। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्री घनश्याम सनोडिया, एलडीएम श्री प्रवीण दिसोरिया, जिला परियोजना प्रबंधक श्री संजय रस्तोगी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, जनपद पंचायत सिवनी क्षेत्र के सात संकुल संगठनों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्व-सहायता समूहों की सदस्याएं उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात सरस्वती वंदना एवं सीएलएफ प्रार्थना प्रस्तुत की गई। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। सभा में संगठन की वार्षिक उपलब्धियों, वित्तीय प्रगति, ऑडिट रिपोर्ट तथा आगामी वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना और बजट का प्रस्तुतीकरण किया गया।

वक्ताओं ने समूहों की आर्थिक मजबूती, नियमित बचत, बैंकिंग गतिविधियों, सामुदायिक निवेश निधि, ऋण वितरण एवं समय पर पुनर्भुगतान की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही महिलाओं को डेयरी, बकरी पालन, मुर्गी पालन, जैविक खेती एवं अन्य स्वरोजगार गतिविधियों से जोड़कर आय वृद्धि के अवसरों का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

अतिथियों ने कहा कि स्व-सहायता समूह ग्रामीण महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। समूहों के माध्यम से महिलाएं न केवल आत्मनिर्भर बन रही हैं, बल्कि परिवार और समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। कई महिला सदस्यों ने अपने संघर्ष और सफलता की प्रेरणादायक कहानियां साझा करते हुए समूहों से मिले लाभों की जानकारी दी।

इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले समूहों, ग्राम संगठनों, कृषि सखी, पशु सखी, बैंक सखी, जेंडर सीआरपी, क्षेत्रीय समन्वयकों, बुक कीपर एवं अन्य सामुदायिक कैडरों को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को भी पुरस्कार प्रदान किए गए।


विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। उपस्थित महिलाओं से अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का आह्वान किया गया। अंत में संकुल संगठन अध्यक्ष श्रीमती शीतल विश्वकर्मा ने सभी अतिथियों, अधिकारियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

## कार और बाइक की जोरदार टक्कर में किसान गंभीर रूप से घायल..

### जिला अस्पताल में भर्ती..

### गलत तरफ से आ रही वाहन से हुआ हादसा..





जगप्रेरणा कान्हीवाड़ा।

***सिवनी जिले के कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ईदाबाड़ी के पास शनिवार देर रात कार और बाइक के बीच हुई जोरदार भिड़ंत हो गई।***

हादसे में एक किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल किसान को तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल सिवनी भेजा गया, जहां उसका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार, हादसा ईदाबाड़ी गांव के पास मुख्य मार्ग पर हुआ। बताया जा रहा है कि एक तेज रफ्तार बाइक और विपरीत दिशा से आ रही कार में टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और बाइक सवार युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

### किसान के सिर पर गंभीर चोट..

हादसे में युवक के सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। घायल का नाम कैलाश कटरे (लगभग 45) है, जो सालहटोला निवासी हैं और किसानी का कार्य करते हैं। घटना के तुरंत बाद, स्थानीय ग्रामीणों ने घायल की सहायता की और 108 एम्बुलेंस सेवा को सूचना दी। एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और प्राथमिक इलाज के बाद घायल युवक को जिला अस्पताल सिवनी पहुंचाया।

### यातायात पुलिस द्वारा सावधानी पूर्वक वाहन चलाने की अपील..

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना का मुख्य कारण तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाना बताया जा रहा है। हादसे के बाद कुछ समय तक मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा। सूचना मिलने पर कान्हीवाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। पुलिस ने दुर्घटना का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रारंभिक जांच में हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की है।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे मो. 9329033433


कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर,
शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
मनोज सचदेव
मो. 94258-22975


# प्रशासनिक दक्ष कलेक्टर मृणाल मीना के नेतृत्व में बालाघाट का बढ़ा प्रदेश में गौरव..

### शाला प्रवेश एवं पंजीयन में प्रदेश में बालाघाट जिले में प्राप्त किया प्रथम स्थान, 100 प्रतिशत लक्ष्य किया हासिल..

### तो वही श्रमयोगी मानधन योजना में हासिल किया प्रथम स्थान..

### प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना में बालाघाट प्रदेश में प्रथम, 9594 श्रमिकों का हुआ पंजीयन




जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले के प्रशासनिक अधिकारी कलेक्टर के रुप में कार्य करते हुए कलेक्टर मृणाल मीना की निरंतर सक्रियता और प्रतिबद्धता को नजर अंदाज नहीं किया जा सकता। कलेक्टर मृणाल मीना जब से बालाघाट में पदस्थ हुए, शासकीय जिला चिकित्सालय से लेकर ग्रामीण आदिवासी अंचलों तक तो वहीं समय समय पर बैठकों से लेकर जनसुनवाई तक प्रत्येक कार्य में कलेक्टर मृणाल मीना ने निरंतर सक्रिय और जवाबदार भूमिका निभाई है, तथा उनकी प्रशासनिक दक्षता का परिणाम है कि बालाघाट जिला प्रदेश स्तर पर गौरव प्राप्त कर रहा है।***

कलेक्टर मृणाल मीना के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में बालाघाट जिले ने एक नई उपलब्धि अपने नाम दर्ज कर ली है। वर्ष 2026-27 में कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों के प्रवेश एवं पंजीयन अभियान में बालाघाट जिला प्रदेश में नर्मदापुरम जिले के साथ संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर पहुंच गया है। जिले ने निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 100 प्रतिशत प्रवेश एवं पंजीयन सुनिश्चित कर शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया है। गौरतलब है कि इस उल्लेखनीय सफलता के पीछे कलेक्टर श्री मृणाल मीना का दूरदर्शी नेतृत्व, सतत मॉनिटरिंग और शिक्षा के प्रति गंभीर दृष्टिकोण प्रमुख कारण माना जा रहा है। कलेक्टर श्री मीना ने अभियान के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक, बीआरसी, विकासखंड शिक्षा अधिकारियों तथा स्कूलों के प्राचार्यों एवं शिक्षकों के साथ नियमित समीक्षा बैठकें कर स्पष्ट निर्देश दिए थे कि जिले का कोई भी बच्चा विद्यालय से बाहर न रहे। गौरतलब है कि दूसरी एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए श्रमिक कल्याण के क्षेत्र में बालाघाट जिले ने प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना के अंतर्गत श्रमिकों के पंजीयन में मध्यप्रदेश के सभी 55 जिलों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

जिले को इस योजना के तहत 9,471 श्रमिकों के पंजीयन का लक्ष्य दिया गया था, जिसके विरुद्ध 9,594 श्रमिकों का सफल पंजीयन कर लक्ष्य से अधिक उपलब्धि दर्ज की गई है। प्रदेश के किसी अन्य जिले में इतनी बड़ी संख्या में श्रमिकों का पंजीयन नहीं हुआ है। इस महत्वपूर्ण सफलता का श्रेय कलेक्टर श्री मृणाल मीना के कुशल नेतृत्व, सतत मॉनिटरिंग और श्रमिक हितैषी कार्यशैली को दिया जा रहा है। कलेक्टर श्री मीना ने श्रम विभाग, जनपद पंचायतों, नगरीय निकायों, निर्माण विभागों तथा पंचायत स्तर तक अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट लक्ष्य सौंपते हुए अधिक से अधिक पात्र श्रमिकों का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन प्रदान किया, जिसके परिणामस्वरूप बालाघाट जिला प्रदेश में शीर्ष स्थान हासिल करने में सफल रहा। हांलांकि इस उपलब्धि में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफकी भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके द्वारा प्रतिदिन श्रमिक पंजीयन की समीक्षा की जाती थी तथा लक्ष्य पूर्ति के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को निरंतर प्रेरित किया जाता रहा। जिला प्रशासन, श्रम विभाग और पंचायत स्तर के अमले के समन्वित प्रयासों ने इस सफलता को संभव बनाया है।

## कलेक्टर मीना ने जिले मे शिक्षा अमले को लगा रखा मुस्तैदी से कार्य पर..

जिले में कक्षा 1 से 8 तक 2 लाख 13 हजार 127 बच्चों के प्रवेश एवं पंजीयन का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके विरुद्ध 2 लाख 07 हजार 548 बच्चों का प्रवेश एवं पंजीयन कर 97 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की गई। वहीं कक्षा 9 से 12 तक 92 हजार 287 विद्यार्थियों के लक्ष्य के मुकाबले 97 हजार 349 विद्यार्थियों का प्रवेश एवं पंजीयन कर 105 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गई। कुल मिलाकर कक्षा 1 से 12 तक 3 लाख 05 हजार 414 विद्यार्थियों के लक्ष्य के विरुद्ध 3 लाख 04 हजार 897 विद्यार्थियों का प्रवेश एवं पंजीयन कर जिले ने शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया है। आगामी दिनों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या और बढने् की संभावना भी जताई जा रही है। शिक्षा जगत और आमजन में इस सफलता को लेकर उत्साह का माहौल है। जिले के शिक्षकों, प्राचार्यों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों और अभिभावकों ने कलेक्टर श्री मृणाल मीना के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सतत निगरानी और स्पष्ट कार्ययोजना के कारण यह उपलब्धि संभव हो सकी है। यह सफलता केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बालाघाट जिले में शिक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता, अभिभावकों के विश्वास और प्रशासन की संवेदनशील कार्यशैली का भी प्रमाण है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के नेतृत्व में बालाघाट शिक्षा के क्षेत्र में नए मानक स्थापित कर रहा है, जो अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन सकता है।

## क्या है प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना

प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा योजना है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के पात्र श्रमिकों को उनकी आयु के अनुसार मासिक अंशदान करना होता है। श्रमिक द्वारा जमा की गई राशि के बराबर अंशदान केंद्र सरकार भी करती है। 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर लाभार्थी को प्रतिमाह 3,000 रुपये की सुनिश्चित पेंशन प्रदान की जाती है। यह योजना रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं, निर्माण श्रमिकों, घरेलू कामगारों, कृषि श्रमिकों, रिक्शा चालकों तथा अन्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए वृद्धावस्था में आर्थिक सुरक्षा का मजबूत आधार प्रदान करती है।

बालाघाट जिले की यह उपलब्धि न केवल प्रशासन की कार्यकुशलता का प्रमाण है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि जिले में श्रमिक कल्याण योजनाओं को लेकर व्यापक जागरूकता और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना के नेतृत्व में जिले ने एक बार फिर साबित किया है कि जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी संचालन से उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।

# गांव का बच्चा जब आगे बढ़ेगा तो देश की जमीनी प्रगति का मार्ग प्रशस्त होगा.. - लोकेश लिल्हारे..

### माँ की पुण्यतिथि पर जीएसटी कमिश्नर लोकेश लिल्हारे ने दी ग्राम छोटी कुम्हारी को लाइब्रेरी की सौगात..

### आईजी शाक्यवार, एसपी आदित्य मिश्रा ने बढ़ाया के हस्ते किया गया निःशुल्क लाइब्रेरी का शुभारम्भ..

### बिरसा मुंडा और गौ माता की प्रतिमा का भी किया अनावरण..








जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट मुख्यालय से 5 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत कुम्हारी के छोटी कुम्हारी चौक में पूज्य माताजी स्व. शान्ति बाई लिल्हारे की स्मृति में उनकी चौथी पुण्यतिथि पर सर्व समाज के छात्रों के लिए जीएसटी कमिश्नर भोपाल लोकेश लिल्हारे के सौजन्य से निर्मित भव्य निःशुल्क लाइब्रेरी का शुभारम्भ 06 जून को बालाघाट***

के आईजी ललित कुमार शाक्यवार, एसपी आदित्य मिश्रा के हस्ते तथा जीएसटी कमिश्नर लोकेश लिल्हारे की प्रमुख उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर भगवान बिरसामुंडा और गौमाता की भव्य प्रतिमा का अनावरण भी किया गया। साथ ही दसवीं बारहवीं के प्रतिभावान छात्रों को शील्ड और प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण नागरिक बंधु उपस्थित थे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी मंचन किया गया, तो वहीं ग्राम के सरपंच सावन पिछोड़े ने अतिथियों और ग्राम विकास छात्र हित में दिए योगदान के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## बोले आईजी ललित शाक्यवार..

समारोह में आईजी ललित कुमार शाक्यवर ने कहा कि ग्रामीण अंचल से निकलकर जब कोई अधिकारी बनता है तो हमें ग्राम उत्थान के प्रयासों को देखने का अवसर भी मिलता है। कमिश्नर लोकेश लिल्हारे अधिकारी बने, तो वे हर क्षेत्र में तस्वीर बदलने का प्रयास कर रहे हैं। अपना शासकीय दायित्व निभाते हुए ग्रामीण युवाओं का आत्मबल बढ़ाने, शिक्षा, खेल, उद्योग, साहित्य, सांस्कृतिक सभी विधाओं में बच्चों को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं, और उनके विशेष प्रयासों से हर्ष का विषय है कि ग्रामीण भाग के विद्यार्थीयों को ग्राम में ही अच्छी पढ़ाई के लिये निःशुल्क लाईब्रेरी भी प्रदान की गई है।

## बोले पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा..

पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने कहा कि शिक्षा, खेलकूद जैसे अन्य क्षेत्रों मे कमिश्नर लिल्हारे जी और उनकी टीम का कार्य सराहनीय है। आज हमें भी उनसे प्रेरणा मिल रही है। छात्र छात्राओं को जो लाईब्रेरी की सौगात आज मिली है, उसके माध्यम से सकारात्मक सोच के साथ विद्यार्थी प्रयास करके अपने और अपने परिवार तथा ग्राम का उज्जवल भविष्य बनाएं, मैं ऐसी शुभकामनाएं देता हूं।

## बोले जीएसटी कमिश्नर लोकेश लिल्हारे..

इस अवसर पर जीएसटी कमिश्नर भोपाल लोकेश लिल्हारे ने जहां शिक्षा और खेलकूद मे निःशुल्क आयोजन और कार्यक्रमों की जानकारी दी तो वहीं उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतिभाओं की कमी नहीं है। उनका आत्मबल बढ़ाना और उनका मार्गदर्शन करके आगे बढ़ाने की जरुरत है, इसके लिए वे और उनकी टीम के द्वारा वर्षो से इस दिशा में प्रयास जारी है, जिसका बेहतरीन परिणाम भी आ रहा है। उन्होंने कहा की प्राथमिक स्तर के छात्रों से लेकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवा छात्रों के लिए निःशुल्क कोचिंग, नवोदय कोचिंग, निःशुल्क शिक्षण सामग्री वितरण, प्रतिभावान छात्रों का उत्साह बढ़ाने मार्गदर्शन कार्यक्रम, पुरस्कार वितरण, खेलकूद आयोजन जैसे कई निःशुल्क कार्यक्रम वर्षो से कराये जा रहे हैं, वहीं अपने माता पिता की स्मृति में कहीं जरुरत के अनुरुप उन्होंने बॉडी फ्रिजर, पेयजल व्यवस्था, शेड निर्माण, लाइब्रेरी जैसी सौगात देने का कार्य भी वे कर रहे हैं। लोकेश लिल्हारे ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चा जब आगे बढ़ेगा तो जमीनी विकास की गति भी बढ़ेगी।


## क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..

*दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें..*
*मो. 9329033433*



SARDAR PATEL UNIVERSITY
BALAGHAT (M.P.)
ADMISSION OPEN 2026-27
ENGINEERING
POLYTECHNIC
B.TECH | M.TECH
Part Time / Full Time
AICTE Approved
• Civil Engg.
• Mechanical Engg.
• Electrical Engg.
• Mining Engg.
• Computer Sc. & Engg.
• Mining & Mine Surveying
B.Tech. (AI & ML)
100% Job Oriented Program
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC
PHARMACY
PCI Approved
• D. PHARMACY
• B. PHARMACY
• M. PHARMACY
Pharmacology / Pharmaceutics
MBA PHARMACEUTICAL MANAGEMENT
AGRICULTURE
• B.Sc. (Hons.) • M.Sc.(Ag.)
• B.Tech (Agril) • Diploma
ABM AGRI BUSINESS MANAGEMENT
LAW
• B.A. LL.B.
• LL.B. • LL.M.
BCI Approved
MANAGEMENT
• BBA (Hons.) • MBA • BHM
BAMS SARDAR PATEL AYURVEDIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
BHMS S.M. DEO HOMOEOPATHIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.)
9174192111, 9174202111, 9174212111


# विश्व पर्यावरण दिवस पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बालाघाट के मोती तालाब परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान..






जगप्रेरणा बालाघाट।

***विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बालाघाट द्वारा स्टूडेंट्स फॉर डेवलपमेंट गतिविधि के माध्यम से नगर के प्रमुख एवं ऐतिहासिक स्थल मोती तालाब परिसर में व्यापक स्वच्छता***

अभियान आयोजित किया गया। इस अभियान के माध्यम से परिषद के कार्यकर्ताओं ने श्रमदान कर न केवल स्वच्छता का संदेश दिया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, जल स्रोतों की सुरक्षा एवं नागरिक उत्तरदायित्व के प्रति जनजागरण का भी प्रयास किया। कार्यक्रम की शुरुआत पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ हुई। परिषद के कार्यकर्ताओं ने मोती तालाब एवं उसके आसपास के क्षेत्र में फैले प्लास्टिक कचरे, पॉलीथीन, बोतलों एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री को एकत्रित कर पूरे परिसर की साफ सफाई की।

## बोले आदित्य अग्रवाल..

इस अवसर पर परिषद के जिला संयोजक आदित्य अग्रवाल ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस केवल एक दिवस का आयोजन नहीं है, बल्कि प्रकृति और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का स्मरण कराने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि आज बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, जल संकट और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के कारण पर्यावरण गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। ऐसी स्थिति में समाज के प्रत्येक नागरिक, विशेषकर युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपनी स्टूडेंट्स फॉर डेवलपमेंट (स्न्नष्ठ) गतिविधि के माध्यम से शिक्षा के साथ-साथ समाज और प्रकृति के प्रति दायित्वबोध विकसित करने का कार्य करती है। इसी उद्देश्य से परिषद समय-समय पर स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, जल संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त अभियान, जैव विविधता संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता जैसे अनेक विषयों पर व्याख्यान एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करती रही है। मोती तालाब में आयोजित यह अभियान भी उसी सतत प्रयास का हिस्सा है।

## बोले कुबेर सिंह बैस

नगर मंत्री कुबेर सिंह बैस ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार या किसी एक संगठन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। यदि हम अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को अपनाएं, प्लास्टिक का उपयोग कम करें, जल का संरक्षण करें और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने आमजन से अपील की कि वे अपने घरों एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखें, एकल उपयोग वाली प्लास्टिक का प्रयोग कम करें, अधिक से अधिक पौधे लगाएं, जल स्रोतों को प्रदूषित होने से बचाएं तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने यह भी कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने स्तर पर छोटे-छोटे प्रयास करे तो पर्यावरण संरक्षण का यह अभियान एक व्यापक जनआंदोलन का रूप ले सकता है। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने सामूहिक रूप से पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। सभी ने संकल्प व्यक्त किया कि वे प्रकृति की रक्षा को अपना नैतिक कर्तव्य मानते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करेंगे, जल एवं प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करेंगे, सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने में सहयोग देंगे, प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने का प्रयास करेंगे तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज में निरंतर जनजागरूकता फैलाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री राहुल विश्वकर्मा, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य कोमल भंडारकर, नगर मंत्री कुबेर सिंह बैस, जिला एसएफडी प्रमुख कलश असाटी, राहुल बुरडे, शिवम लिल्हारे, कनक पाटिल, रोशनी बड़ई, आशा डोंगरे, ऋषभ राउत, रौनक आसटकर, पीयूष रामटेक्कर, रियांशु तिवारी, आर्यन गौतम, रोहित बिसेन, अम्बर ध्यानी, अमन दशरिये, आरव कुम्हरे आदि कार्यकताओ उपस्थिती रही।


|| श्री जीणमाता की जय ||
|| जय गुलाब बाबा नमः ||
प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126
मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्प्लेक्स, बालाघाट (म.प्र.)


दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
अजय रजक गढ़ी
मो. 84353 19391

# अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, इलाज के दौरान सीआरपीएफ जवान की मौत; बीजापुर में थे पदस्थ, गांव में पसरा मातम..







जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***परसवाड़ा तहसील के ग्राम खापा निवासी सीआरपीएफजवान भरतलाल उइके (35) की सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। जवान की असमय मृत्यु से न केवल उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है,***

बल्कि पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। रविवार को राजकीय सम्मान और सैन्य परंपराओं के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और सीआरपीएफअधिकारियों ने उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भरतलाल उइके गुरुवार की शाम अपने गृह ग्राम खापा से मोटरसाइकिल पर सवार होकर कनई चौराहा होते हुए मरारीटोला की ओर जा रहे थे। इसी दौरान कनई स्थित माध्यमिक शाला के समीप किसी अज्ञात भारी वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि वे सड़क पर गिर पड़े और उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया, जबकि घायल जवान सड़क किनारे पड़े रहे।

कुछ समय बाद वहां से गुजर रहे ग्रामीणों और राहगीरों की नजर घायल जवान पर पड़ी। उन्होंने तत्काल मानवता का परिचय देते हुए डायल-112 को सूचना दी और घायल जवान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसवाड़ा पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उनकी हालत बेहद गंभीर बताई और बेहतर इलाज के लिए उन्हें बालाघाट रेफर कर दिया। बालाघाट में भी स्थिति में सुधार नहीं होने पर उन्हें गोंदिया भेजा गया, जहां जानकी अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था। करीब दो दिनों तक जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करने के बाद शनिवार रात लगभग 10 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली।

## अवकाश पर घर आए थे जवान

परिजनों ने बताया कि भरतलाल उइके वर्ष 2011 में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में भर्ती हुए थे। उनकी पहली पदस्थापना श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) में हुई थी। वर्तमान में वे छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सीआरपीएफकी 170वीं बटालियन में पदस्थ थे। कुछ दिनों की छुट्टी पर वे अपने गृह ग्राम खापा आए हुए थे। किसी को अंदाजा नहीं था कि परिवार के साथ समय बिताने आए जवान की इस तरह दर्दनाक हादसे में जान चली जाएगी।

## परिवार में सबसे छोटे थे भरतलाल

भरतलाल उइके तीन भाइयों में सबसे छोटे थे। उनके परिवार में वृद्ध माता-पिता, पत्नी, दो छोटे बच्चे और बड़े भाई हैं। जवान की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं माता-पिता अपने बेटे को याद कर बार-बार बेसुध हो रहे हैं। गांव के लोगों ने बताया कि भरतलाल मिलनसार और सरल स्वभाव के व्यक्ति थे तथा हमेशा लोगों की मदद के लिए आगे रहते थे।

## गांव पहुंचा पार्थिव शरीर, उमड़ा जनसैलाब

रविवार दोपहर सीआरपीएफअधिकारियों और जवानों के साथ भरतलाल उइके का पार्थिव शरीर उनके गृह ग्राम खापा पहुंचा। शव गांव पहुंचते ही माहौल गमगीन हो गया। अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण, रिश्तेदार और क्षेत्रवासी उनके घर पहुंचे। हर किसी की आंखें नम थीं। लोगों ने पुष्प अर्पित कर अपने वीर सपूत को श्रद्धांजलि दी।

ग्राम चंदना से खापा तक श्रद्धांजलि यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए। पूरे मार्ग में लोगों ने जवान के सम्मान में पुष्प अर्पित किए और भारत माता की जय तथा अमर रहे के नारों के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी।

## सीआरपीएफने दी अंतिम सलामी

अंतिम संस्कार के दौरान किरनापुर से पहुंची सीआरपीएफकी 123वीं बटालियन तथा बालाघाट के अधिकारियों ने जवान को पूरे सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर दिया। जवानों ने हथियार झुकाकर अपने साथी को अंतिम सलामी दी। इस अवसर पर अधिकारियों ने दिवंगत जवान की सेवाओं को याद करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की।

सीआरपीएफ अधिकारियों ने अंतिम संस्कार की आवश्यक प्रक्रिया के लिए एक लाख रुपए की सहायता राशि जवान की पत्नी और बच्चों को प्रदान की। साथ ही परिवार को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया।

## नम आंखों से दी अंतिम विदाई

स्थानीय मोक्षधाम में सैन्य सम्मान के साथ जवान का अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष समलसिंह धुर्वे सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। अंतिम संस्कार के समय मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम थीं।

एक सड़क हादसे ने देश सेवा में समर्पित एक जवान की जिंदगी छीन ली। भरतलाल उइके का असामयिक निधन न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति है। ग्राम खापा सहित पूरे परसवाड़ा क्षेत्र में शोक का माहौल है।

# गांव-गांव घूमकर अवैध धान बीज बेचने वालों पर कार्रवाई..

### बैहर थाने में तीन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज





जगप्रेरणा बैहर।

***किसानों को अवैध रूप से धान बीज बेचने और धोखाधड़ी करने के मामले में कृषि विभाग ने कड़ी कार्रवाई करते हुए तीन व्यक्तियों के विरुद्ध बैहर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।***

अनुविभागीय कृषि अधिकारी एवं बीज निरीक्षक बैहर श्री एस.आर. धुर्वे ने बताया कि भिकेवाड़ा निवासी सानू पटले, भंडेरी निवासी पलक बिसेन तथा भोरवाही निवासी कुंजेलाल हिरवाने के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4) एवं अत्यावश्यक वस्तु अधिनियम के तहत 07 जून 2026 को बैहर थाने में मामला दर्ज कराया गया है।

जानकारी के अनुसार कृषक साथी एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड के प्रोपराइटर सानू पटले एवं उनके द्वारा नियुक्त प्रतिनिधि पलक बिसेन, कुंजेलाल हिरवाने के वाहन क्रमांक एमपी-50-जेडजी-6496 के माध्यम से भंडेरी, गोहारा, कासीटोला सहित विभिन्न गांवों में घूम-घूमकर विभिन्न कंपनियों के धान बीज का अवैध विक्रय कर रहे थे। कृषि विभाग को इसकी सूचना मिलने पर 01 जून 2026 को मंडेरी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए संबंधित वाहन एवं धान बीज को जब्त कर लिया गया था।

जांच में पाया गया कि बिना वैध अनुमति एवं आवश्यक दस्तावेजों के किसानों को धान बीज बेचा जा रहा था, जिससे किसानों के साथ धोखाधड़ी होने की आशंका थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कृषि विभाग ने संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कराई है।

कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत विक्रेताओं से ही प्रमाणित बीज खरीदें तथा बीज खरीदते समय पक्का बिल एवं आवश्यक दस्तावेज अवश्य प्राप्त करें। किसी भी प्रकार की संदिग्ध बीज बिक्री की जानकारी तत्काल कृषि विभाग को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

# हट्टा, सालेटेका, रजेगांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का सीएमएचओ ने किया सघन निरीक्षण..

### साफ-सफाई, प्रसव सेवाओं और राष्ट्रीय कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा




जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. परेश उपलप ने शनिवार को विकासखंड बालाघाट (ग्रामीण) के***

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हट्टा तथा विकासखंड किरनापुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सालेटेका एवं रजेगांव का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉ. उपलप ने स्वास्थ्य संस्थानों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल परिसरों में साफ-सफाई की स्थिति का अवलोकन किया, जो संतोषजनक पाई गई। निरीक्षण के समय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य स्टॉफ ड्यूटी पर उपस्थित मिला।

सीएमएचओ ने प्रसव सेवाओं की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप संस्थागत प्रसव नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक प्रयास कर प्रसव संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराकर सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित किया जाए। डॉ. उपलप ने हितग्राही मूलक योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप उपलब्धि सुनिश्चित करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को समय पर ड्यूटी पर उपस्थित रहने तथा अनिवार्य रूप से ÷सार्थक÷ पोर्टल पर अपनी उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए अनुशासन और जवाबदेही अत्यंत आवश्यक है। सीएमएचओ ने स्वास्थ्य संस्थानों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनहित में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने तथा शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# धान की सीधी बुवाई एवं खेत बचाओ अभियान के तहत कृषक चौपाल आयोजित

### बीजामृत उपचार के साथ सुपर सीडर से की गई डीएसआर तकनीक द्वारा धान की बुवाई..

### किसानों को प्राकृतिक एवं वैज्ञानिक खेती की दी गई जानकारी..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***कृषि विभाग द्वारा किसानों को उन्नत एवं टिकाऊ खेती की तकनीकों से जोडऩे के उद्देश्य से विभिन्न ग्रामों में जागरूकता एवं प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।***

इसी क्रम में आज 06 जून 2026 को विकासखंड के ग्राम चिल्लौद में किसान श्रीमती संध्या भुतेकर के खेत पर डायरेक्ट सीडेड राइस (डीएसआर) प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान धान के बीज को प्राकृतिक खेती की महत्वपूर्ण तकनीक बीजामृत से उपचारित किया गया। इसके पश्चात सुपर सीडर मशीन की सहायता से धान की उन्नत किस्म जेआर-81 की बुवाई हरी खाद फसल ढैंचा के साथ एक एकड़ भूमि में सफलतापूर्वक की गई। कृषि विशेषज्ञों ने बताया कि डीएसआर तकनीक धान उत्पादन की एक आधुनिक एवं जल संरक्षण आधारित पद्धति है, जिससे श्रम, समय और लागत में कमी आती है तथा फसल की उत्पादकता में वृद्धि होती है।

कृषि अधिकारियों ने किसानों को बताया कि धान के साथ ढैंचा की बुवाई करने से भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ती है। ढैंचा एक उत्कृष्ट हरी खाद फसल है, जो मिट्टी में जैविक तत्वों एवं नाइट्रोजन की मात्रा बढ़ाकर फसल को आवश्यक पोषक तत्व उपलब्ध कराती है। इससे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होती है और भूमि की गुणवत्ता में सुधार होता है।

इसी दिन खेत बचाओ अभियान के अंतर्गत ग्राम चांगोटोला में कृषक चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया और कृषि विशेषज्ञों से आधुनिक खेती संबंधी जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में किसानों के साथ नरवाई प्रबंधन, डीएसआर तकनीक, हरी खाद के रूप में ढैंचा का उपयोग, खरपतवार प्रबंधन तथा एजोला के उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कृषि अधिकारियों ने बताया कि फसल अवशेषों को जलाने के बजाय उनका वैज्ञानिक प्रबंधन करने से भूमि की उर्वरा शक्ति बनी रहती है और पर्यावरण संरक्षण में भी सहायता मिलती है। किसानों को एजोला के उपयोग के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि यह जैविक नाइट्रोजन का अच्छा स्रोत है, जो धान की खेती में पोषक तत्वों की पूर्ति कर उत्पादन बढ़ाने में सहायक होता है।

चौपाल में उपस्थित किसानों ने कृषि विभाग द्वारा दी जा रही तकनीकी जानकारी और प्रदर्शन कार्यक्रमों की सराहना करते हुए इन नवाचारों को अपनाने की इच्छा व्यक्त की। कृषि विभाग ने किसानों से प्राकृतिक एवं वैज्ञानिक खेती की तकनीकों को अपनाकर लागत कम करने और उत्पादन बढ़ाने का आह्वान किया।

इस प्रकार आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को आधुनिक, पर्यावरण-अनुकूल एवं लाभकारी कृषि पद्धतियों से जोडऩे का प्रयास किया जा रहा है, जिससे कृषि क्षेत्र में स्थायी विकास और किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके।

# ग्राम चाचेरी में सुपर सीडर से डीएसआर पद्धति द्वारा धान की सीधी बुवाई का प्रदर्शन

### किसानों को आधुनिक तकनीक अपनाकर लागत घटाने और उत्पादन बढ़ाने की दी गई जानकारी



जगप्रेरणा बालाघाट।

बालाघाट जिले में कृषि विभाग द्वारा खरीफसीजन में धान उत्पादन को अधिक लाभकारी एवं टिकाऊ बनाने के उद्देश्य से किसानों के बीच आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड बालाघाट के ग्राम चाचेरी में सुपर सीडर मशीन की सहायता से डीएसआर (डायरेक्ट सीडेड राइस) पद्धति द्वारा धान की सीधी बुवाई का सफल प्रदर्शन किया गया।

उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के किसानों को डीएसआर तकनीक के लाभों की विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इस पद्धति में धान की रोपाई के स्थान पर सीधे खेत में बीज की बुवाई की जाती है, जिससे श्रम, समय और सिंचाई जल की बचत होती है। साथ ही खेती की लागत कम होने के कारण किसानों की आय बढ़ाने में भी यह तकनीक सहायक सिद्ध हो रही है।

प्रदर्शन के दौरान सुपर सीडर मशीन के संचालन की जानकारी देते हुए किसानों को बताया गया कि यह मशीन फसल अवशेषों के प्रबंधन के साथ-साथ बुवाई का कार्य भी करती है। इससे खेत में पराली जलाने की आवश्यकता नहीं पड़ती, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलता है और मिट्टी की उर्वरता भी बनी रहती है।

कृषि अधिकारियों ने किसानों को बताया कि डीएसआर पद्धति अपनाने से धान की फसल में खरपतवार प्रबंधन, पोषक तत्वों का संतुलित उपयोग तथा जल संरक्षण बेहतर तरीके से किया जा सकता है। यह तकनीक जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने सुपर सीडर मशीन द्वारा की गई बुवाई प्रक्रिया का अवलोकन किया और तकनीक के संबंध में विभिन्न जानकारियां प्राप्त कीं। किसानों ने इस नवाचार को उपयोगी बताते हुए आगामी खरीफ सीजन में इसे अपनाने में रुचि दिखाई। कृषि विभाग ने किसानों से आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाकर उत्पादन बढ़ाने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में सहयोग करने की अपील की है। विभाग द्वारा जिले के विभिन्न ग्रामों में इसी प्रकार के प्रदर्शन एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक किसान नई तकनीकों का लाभ उठा सकें।











दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..

पिंटू गुप्ता तिरोड़ी
मो. 8770664297


# करोड़ों की योजनाएं, लेकिन जनता बेहाल: रामपायली के श्रीराम घाट पर विकास बनाम सुविधाओं का बड़ा सवाल..

जगप्रेरणा रामपायली।

***देशभर में धार्मिक पर्यटन, नदी तटों के सौंदर्यीकरण और तीर्थस्थलों के विकास पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। सरकारें इसे सांस्कृतिक संरक्षण और पर्यटन संवर्धन का माध्यम बताती हैं,***

लेकिन जब विकास कार्य केवल निर्माण तक सीमित रह जाएं और आम जनता को मूलभूत सुविधाएं ही न मिलें, तब ऐसे विकास मॉडल पर गंभीर प्रश्न खड़े होना स्वाभाविक है। बालाघाट जिले के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व वाले रामपायली स्थित श्रीराम घाट की स्थिति भी कुछ ऐसे ही सवालों को जन्म दे रही है।

श्रीराम घाट पर लाखों रुपये की लागत से निर्मित सुलभ शौचालय और स्नानागार आज भी पूर्ण रूप से उपयोग में नहीं आ सके हैं। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि नदी किनारे निर्मित इन सुविधाओं में पानी की व्यवस्था ही सुनिश्चित नहीं हो पाई है। परिणामस्वरूप यहां आने वाले श्रद्धालुओं, पर्यटकों और विशेष रूप से महिला दर्शनार्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## निर्माण हुआ, लेकिन उपयोगिता पर सवाल

नगर वासियों का मानना है कि किसी भी सार्वजनिक निर्माण की सफलता उसकी उपयोगिता से मापी जाती है, न कि केवल उसकी लागत से। यदि लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी जनता को सुविधा न मिले, तो यह केवल संसाधनों की बर्बादी ही नहीं बल्कि प्रशासनिक योजना और निगरानी की कमजोरी भी मानी जाएगी।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि घाट पर बने शौचालय और स्नानागार लंबे समय से केवल ढांचे बनकर रह गए हैं। रखरखाव, जलापूर्ति और संचालन व्यवस्था के अभाव में इनका उद्देश्य अधूरा रह गया है।






## महिलाओं और श्रद्धालुओं की सबसे बड़ी परेशानी

रामपायली में विभिन्न धार्मिक आयोजनों, संस्कारों और पर्वों के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों को स्नान, शौच और स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता होती है। लेकिन जब ऐसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं होतीं, तो सबसे अधिक परेशानी महिलाओं, वृद्धजनों और बच्चों को उठानी पड़ती है।

बाहरी क्षेत्र से आए एक दंपत्ति ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए बताया कि वे मंदिर दर्शन के उद्देश्य से पहुंचे थे, लेकिन स्नान और स्वच्छता की समुचित व्यवस्था न मिलने से उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ा। उनका कहना था कि यदि धार्मिक स्थलों पर मूलभूत सुविधाएं ही उपलब्ध न हों तो विकास कार्यों का वास्तविक उद्देश्य अधूरा रह जाता है।

## नदी में पानी की कमी भी बड़ी चुनौती

स्थानीय नागरिक लंबे समय से मांग कर रहे हैं कि बड़े जलाशयों से नियंत्रित रूप से पानी छोड़ा जाए, जिससे नदी का प्राकृतिक प्रवाह बना रहे और धार्मिक, सामाजिक तथा पर्यावरणीय आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके। नदी में पर्याप्त जल नहीं होने से न केवल श्रद्धालुओं की आस्था प्रभावित होती है, बल्कि जलीय जीव-जंतुओं और स्थानीय पारिस्थितिकी पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

## जिम्मेदारी तय करना जरूरी

यह मामला केवल एक घाट या एक निर्माण कार्य का नहीं है, बल्कि देशभर में चल रही उन विकास परियोजनाओं का प्रतीक है जहां निर्माण तो हो जाता है, लेकिन संचालन और रखरखाव की जवाबदेही स्पष्ट नहीं होती। ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, जिला प्रशासन और संबंधित विभागों के बीच समन्वय की कमी का खामियाजा अंततः आम जनता को भुगतना पड़ता है।

## राष्ट्रीय स्तर पर उठता बड़ा सवाल

भारत में 'विकसित भारत' और 'धार्मिक पर्यटन' की अवधारणा तभी सार्थक होगी जब निर्माण कार्यों के साथ उनकी उपयोगिता, रखरखाव और जनसुविधा को भी समान प्राथमिकता दी जाए। केवल भवन और संरचनाएं खड़ी कर देना विकास नहीं कहलाता; वास्तविक विकास वह है जो नागरिकों के जीवन को सरल और सम्मानजनक बनाए।

## प्रशासन से अपेक्षा

शासन और प्रशासन को चाहिए कि श्रीराम घाट की स्थिति का तत्काल संज्ञान लेकर सुलभ शौचालयों और स्नानागारों को नियमित जलापूर्ति, साफ-सफाई और संचालन व्यवस्था से जोड़े। साथ ही नदी में जल उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा धार्मिक पर्यटन स्थलों पर मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा के लिए विशेष अभियान चलाया जाए।

क्योंकि जनता अब केवल निर्माण नहीं, बल्कि परिणाम देखना चाहती है। विकास की असली परीक्षा शिलान्यास पट्टिकाओं से नहीं, बल्कि उन सुविधाओं से होती है जिनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।ऐसी मांग करने वालों में श्रीमती गीता अग्रवाल श्रीमती माधुरी बैस श्रीमती उषा शेडें नरेंद्र सिंह चौहान रामकिशोर अग्रवाल दामोदर अग्रवाल विजय ओचानी विजय राऊत रजनीश नकासे राकेश पाठक केवल शिवहरे आदि लोगों ने की है।

# धर्मप्रसार विभाग की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न, संगठन विस्तार और आगामी योजनाओं पर हुई चर्चा





**जगप्रेरणा बालाघाट।**

बालाघाट विश्व हिंदू परिषद स्थानीय कार्यालय में रविवार को धर्मप्रसार विभाग की एक आवश्यक और महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, धर्म रक्षा और आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रांत धर्मप्रसार प्रमुख दिग्विजय जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए धर्म प्रसार के कार्यों को गति देने और जमीनी स्तर पर लोगों को जोड़ने का आह्वान किया।

बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहे पदाधिकारी: बैठक में जिले के प्रमुख दायित्ववान कार्यकर्ताओं और प्रखंड पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया, जिनमें मुख्य रूप से शामिल रहे: श्री छत्रपाल पारधी (जिला मंत्री) श्री शैलेन्द्र बिसेन (जिला धर्मप्रसार प्रमुख)श्री चंदर दमाहे (जिला उपाध्यक्ष) श्री सुनील नागोंसे (जिला सह मंत्री) श्री युगल भगत (जिला गौ रक्षा प्रमुख) श्री समीर (जिला सत्संग प्रमुख) प्रखंडों से आए नवनियुक्त धर्मरक्षक: बैठक में विशेष रूप से चयनित जिला धर्मरक्षकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और अपने-अपने क्षेत्रों की रिपोर्ट प्रस्तुत की: श्री लेखराम (किरनापुर प्रखंड) श्री सितेंद्र (कटंगी प्रखंड) श्री सुनील जी (लांजी प्रखंड) इसके साथ ही बैठक में समस्त जिला टोली और विभिन्न प्रखंडों के पदाधिकारी भी मुख्य रूप से सम्मिलित हुए बैठक का उद्देश्य: इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में गौ रक्षा, सत्संग अभियानों को तेज करना और प्रत्येक प्रखंड में धर्मरक्षकों के माध्यम से सामाजिक व धार्मिक चेतना जगाना है। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों ने पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लिया।






# अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य भगत सिंह नेताम ने किया बिरसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण..

### मरीजों से चर्चा कर स्वास्थ्य सेवाओं का लिया फीडबैक, निर्माणाधीन भवन की गुणवत्ता पर दिया विशेष जोर

### देवगांव में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण किया













जगप्रेरणा बालाघाट।

***अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य श्री भगत सिंह नेताम ने रविवार 07 जून को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरसा का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की।***

इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं हितग्राहियों से सीधे संवाद कर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान श्री नेताम ने प्रसव के लिए अस्पताल पहुंची अजगरा निवासी चमन पंचतिलक, पंड्रापानी निवासी दीपा तथा मानेगांव निवासी हेमवती बघेल से चर्चा कर संबल योजना के तहत प्राप्त लाभ, जननी सुरक्षा सहायता राशि तथा जननी एक्सप्रेस सेवा की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने यह भी जाना कि गर्भवती महिलाओं को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिल रहा है या नहीं।

श्री नेताम ने रोगी कल्याण समिति की बैठकों की स्थिति की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य अधिकारियों से मलेरिया नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मेडिकेटेड मच्छरदानियों के वितरण, वर्षा ऋतु में संभावित बीमारियों की रोकथाम तथा आपदा प्रबंधन की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरसा के निर्माणाधीन भवन का भी अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी एवं ठेकेदार को भवन निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप करने, नियमित तराई सुनिश्चित करने तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित समीक्षा बैठक के पश्चात श्री भगत सिंह नेताम ग्राम देवगांव पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। श्री नेताम ने संबंधित अधिकारियों को इन समस्याओं के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कार्यक्रम में तहसीलदार राजू नामदेव, नायब तहसीलदार आर.एस. धुर्वे, डॉ. सुनील सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि प्रकाश डहरवाल, सविता नंदन जायसवाल, चित्र कुमार ठाकरे, राधे तुरकर, यशवंत मांगरे, सुनील राहंगडाले, विजय वल्के, राजेंद्र राहंगडाले, जितेंद्र तेंभरे, लखन सिंह धुर्वे, दीपक धुर्वे, चंद्रकला केराम, दीपकिशोर मेरावी तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन जनसमस्याओं के समाधान एवं क्षेत्र के विकास के संकल्प के साथ हुआ।




जग प्रेरणा
# लांजी किरनापुर
● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साडरा



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजय टेंभरे लांजी
मो. 7697505999

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# आजीविका मिशन से जुड़कर मीनाक्षी बनी लखपति दीदी..



जगप्रेरणा लांजी।

***महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की पहल लगातार सफल साबित हो रही है। इसका जीवंत उदाहरण बालाघाट जिले के लांजी विकासखंड के ग्राम लाडसा की***

निवासी मिनाक्षी टेंभरे हैं, जिन्होंने स्व-सहायता समूह से जुड़कर न केवल अपना स्वयं का व्यवसाय स्थापित किया, बल्कि आज अपने क्षेत्र में ÷लखपति दीदी÷ के रूप में पहचान बना ली है।

बी.ए. शिक्षित मिनाक्षी टेंभरे वर्ष 2023 में रानी दुर्गावती आजीविका स्व-सहायता समूह से जुड़ीं और समूह की सचिव चुनी गईं। उस समय उनके परिवार की मासिक आय लगभग 15 हजार रुपये थी, जबकि उनकी व्यक्तिगत आय मात्र 2 हजार रुपये प्रतिमाह थी। परिवार की आर्थिक स्थिति सामान्य होने के बावजूद उन्होंने स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर आर्थिक रूप से मजबूत बनने का संकल्प लिया।

स्व-सहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्हें मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से ऋण सुविधा प्राप्त हुई। प्राप्त ऋण राशि से उन्होंने अपने पति सुशील टेंभरे के सहयोग से हार्डवेयर दुकान की शुरुआत की। बाद में समूह, ग्राम संगठन एवं सामुदायिक निवेश निधि (सीआईएफ) से प्राप्त वित्तीय सहायता का उपयोग कर उन्होंने अपने व्यवसाय का विस्तार किया तथा दुकान में प्लंबिंग सामग्री भी शामिल कर ली।

समय पर ऋण चुकौती, वित्तीय अनुशासन और व्यवसाय में लगातार निवेश के कारण उनकी दुकान तेजी से विकसित हुई। वर्तमान में उनकी हार्डवेयर एवं प्लंबिंग सामग्री की दुकान से अच्छी आय प्राप्त हो रही है। समूह से जुड़ने के बाद उनकी व्यक्तिगत मासिक आय बढ़कर लगभग 25 हजार रुपये हो गई है, वहीं परिवार की कुल आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। आर्थिक स्थिति मजबूत होने के साथ-साथ परिवार के रहन-सहन और सामाजिक प्रतिष्ठा में भी सकारात्मक बदलाव आया है। मिनाक्षी टेंभरे आज केवल एक सफल महिला उद्यमी ही नहीं हैं, बल्कि क्षेत्र की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बन चुकी हैं। वे समूह और ग्राम संगठन की बैठकों में महिलाओं को स्वरोजगार अपनाने, समय पर ऋण चुकाने तथा वित्तीय अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित करती हैं।

# नकली धान बीज का व्यापार गर्म, किसानों को बरतनी होगी सावधानियां

## गुणवत्ता का रखना होगा ध्यान..



जगप्रेरणा लांजी।

***भारत एक कृषि प्रधान देश है, जहां की आधे से अधिक आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है। आगामी दिनों में मानसून के आगमन के साथ खरीफ फसलों की***

बुवाई का दौर शुरू होने वाला है। ऐसे समय में किसान अपने खेतों के लिए उन्नत एवं उच्च गुणवत्ता वाले बीजों की खरीदारी में जुट जाते हैं। लेकिन हर वर्ष कुछ असामाजिक तत्व एवं अनियमित व्यापारी किसानों की इस आवश्यकता का फायदा उठाकर नकली अथवा निम्न गुणवत्ता वाले बीज बेच देते हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार किसान अपनी मेहनत की कमाई लगाकर अच्छी उपज की उम्मीद में महंगे दामों पर बीज खरीदते हैं। कई बार व्यापारी आकर्षक पैकिंग और बड़े-बड़े दावों के साथ बीज बेच देते हैं, लेकिन जब किसान खेतों में बुवाई कर सिंचाई करता है तो बीज अपेक्षित रूप से अंकुरित नहीं होते। कई मामलों में अंकुरण दर बेहद कम रहती है, जिससे खेतों में फसल की संख्या घट जाती है और उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

नकली बीजों के कारण किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ती है। एक ओर बीज खरीदने में खर्च हुई राशि व्यर्थ चली जाती है, वहीं दूसरी ओर दोबारा बुवाई करने के लिए अतिरिक्त खर्च करना पड़ता है। इससे समय की भी हानि होती है और फसल उत्पादन प्रभावित होने से किसानों की आय पर सीधा असर पड़ता है।

कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत एवं पंजीकृत विक्रेताओं से ही बीज खरीदें। बीज खरीदते समय पैकेट पर अंकित कंपनी का नाम, बैच नंबर, उत्पादन एवं समाप्ति तिथि तथा अंकुरण क्षमता की जानकारी अवश्य जांच लें। साथ ही खरीदारी का पक्का बिल लेना न भूलें, ताकि किसी प्रकार की शिकायत होने पर संबंधित विभाग के समक्ष साक्ष्य प्रस्तुत किया जा सके।

विशेषज्ञों का कहना है कि यदि बीज बोने के बाद अंकुरण में समस्या आती है तो किसान तुरंत कृषि विभाग या संबंधित अधिकारियों को सूचित करें। समय पर शिकायत दर्ज होने से जांच कर दोषी विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है तथा किसानों को न्याय मिलने की संभावना बढ़ जाती है।

कृषि क्षेत्र से जुड़े जानकारों का मानना है कि नकली बीजों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के लिए नियमित निरीक्षण, सख्त कार्रवाई और किसानों में जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है। किसानों को भी किसी लालच या झूठे प्रचार के बहकावे में आने के बजाय प्रमाणित बीजों का ही उपयोग करना चाहिए।

# जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने पर्यावरण संरक्षण करे..

## महाविद्यालय में हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम..





जगप्रेरणा लांजी।

***विश्व पर्यावरण दिवस एवं आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मध्य संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के विशेष अभियान के तहत शासकीय महाविद्यालय लांजी में स्वच्छता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।***

कार्यक्रम का आयोजन स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गौतमा कठाने के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छ वातावरण निर्माण का संदेश दिया। इसके साथ ही परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरित परिसर के संकल्प को मजबूत किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी महेन्द्र कुमार तलवरे तथा स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी महेश ढोक ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत कराते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखरेख करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि बढ़ते पर्यावरणीय संकट और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही। सभी ने स्वच्छता बनाए रखने तथा पौधों के संरक्षण का संकल्प भी लिया।

# केंद्र सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धि को जन-जन तक पहुंचाए..

## भाजपा मंडल की मासिक बैठक संपन्न..





जगप्रेरणा लांजी।

***भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय, प्रदेश एवं जिला संगठन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह की 1 से 7 तारीख के बीच आयोजित की जाने वाली मंडल बैठकों के क्रम में भाजपा मंडल लांजी की***

मासिक बैठक रविवार 7 जून को क्षेत्रीय विधायक राजकुमार कर्राहे के निवास स्थान पर संपन्न हुई। आयोजित बैठक की शुरूवात उपस्थित सभी भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ के द्वारा भारत माता, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवल एवं माल्यार्पण कर बैठक प्रारंभ की गई। बैठक में संगठनात्मक विषयों के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मंडल के पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक एवं सह-संयोजक, बूथ अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच, नगर परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, पार्षद तथा मंडल क्षेत्र के वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से बूथ समितियों एवं शक्ति केंद्र टोली की संरचना पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। कार्यकर्ताओं से आगामी कार्यक्रमों एवं अभियानों को सफल बनाने के लिए समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों को आम जनता तक पहुंचाने की रणनीति पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा देशहित में किए गए कार्यों की जानकारी प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

बैठक में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के पर्यावरण संरक्षण संकल्प ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान को लेकर भी विशेष चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि पंचायत स्तर पर व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाकर अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाएगा तथा लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। बैठक के अंत में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई तथा सभी कार्यकर्ताओं से पार्टी की रीति-नीति और जनहितकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लेने का आह्वान किया गया।

आयोजित बैठक में मण्डल अध्यक्ष आलोक चौरसिया, महामंत्री गौरव बैस, महामंत्री तुकाराम बारेकर, सुरजदीन गुप्ता, सीताराम बाहे, मदन बेदरे, लक्ष्मण परते, रविन्द्र यादव, किशोर रामटेक्कर, मीना बिलगौर, सुशीला दुग्गड़, सुनीता रॉय, अविनाश रैंच, प्रगति पालीवाल, अमित घोंघडे, राधेश्याम दांदरे, ममता दांदरे, परमान्द सातपुते, सुनीता बसोने, विणा उपराड़े, श्यामा मुरकुटे, मनीषा दुग्गड़, वासुदेव यादव, कपिल आसटकर आदि मण्डल के कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गार्गी शाखा ने वृक्षारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश





जगप्रेरणा लांजी।

***राष्ट्र सेविका समिति लांजी की गार्गी शाखा द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।***

यह कार्यक्रम रविवार, 7 जून को आयोजित किया गया। राष्ट्र सेविका समिति महिलाओं और बालिकाओं के शारीरिक, बौद्धिक, नैतिक तथा सांस्कृतिक विकास के लिए कार्यरत एक प्रमुख संगठन है। समिति अपनी शाखाओं के माध्यम से योग, खेल, संस्कार शिक्षा, नेतृत्व क्षमता विकास, स्वास्थ्य शिविर और सामाजिक सेवा जैसे अनेक कार्यक्रम नियमित रूप से चलाती है।

इसके अलावा समिति देशभर में बालिकाओं के लिए छात्रावास, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र और विभिन्न सेवा प्रकल्प भी संचालित करती है। लांजी की गार्गी शाखा इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए स्थानीय स्तर पर सक्रिय भूमिका निभा रही है। गार्गी शाखा नगर की पहली शाखा है, जो प्रशिक्षित शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में प्रतिदिन प्रातः काल सरस्वती शिशु मंदिर में संचालित हो रही है। इस शाखा के माध्यम से बालिकाओं को शारीरिक व्यायाम, खेलकूद के साथ ही संस्कार, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की शिक्षा दी जा रही है।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में गार्गी शाखा की सदस्यों और बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उपस्थित सदस्यों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। उन्होंने कहा कि वृक्ष ही जीवन का आधार हैं, इन्हें बचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

इस दौरान राष्ट्र सेविका समिति अध्यक्ष श्रीमती निलम भर्रे, सदस्य दुर्गा रामटेककर, विना उपराड़े, संगीता वानखेड़े, गार्गी शाखा प्रमुख व मुख्य शिक्षिका पल्लवी खरगाल, शिक्षिका आकांक्षा ठाकरे, मानसी दहिकर, पिंकी उमरे, पाखी सातपुते, रूचि पिपरे, लावन्या चन्ने के अलावा बालिकाएं दृश्या हरदे, आलया, माही, शालिनी, डॉली, पिहू, खुशी, तनवी, अंजली, सिद्धी, रिया, सुहानी, वेदिका, नव्या आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।




# प्रोगेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा की बैठक 10 को

## मुख्यमंत्री के नाम सौंपा जाएगा ज्ञापन..

जगप्रेरणा लांजी।

***प्रोगेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा लांजी की आवश्यक बैठक 10 जून दिन बुधवार को दोपहर 12 बजे से नगर के गायत्री मंदिर सभाकक्ष में आयोजित की गई है।***

बैठक उपरांत प्रांतीय प्रोगेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन भोपाल के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लांजी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसके अलावा बैठक में पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा के विस्तार एवं संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए सदस्यता अभियान चलाकर वार्षिक एवं आजीवन सदस्य बनाए जाने एवं पेंशनर्स साथियों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से विचार विमर्श किया जाएगा।

बैठक में पेंशनर्स एसोसिएशन के सभी सेक्टर प्रभारी लांजी, देवलगांव, कारंजा, बहेला, भानेगांव एवं तहसील शाखा लांजी के पदाधिकारीगणों को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की अपील प्रोगेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा लांजी के अध्यक्ष सेवकराम ठाकरे एवं संगठन के सचिव आई एस चौहान व अन्य पदाधिकारियों ने की है।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे. मो. 9329033433



लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..
Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433

जग प्रेरणा
# साहित्य / अभिव्यक्ति
● संपादकीय ● लेख ● कविता ● व्यंग्य ● राजनीतिक टिप्पणी ● धार्मिक लेख ● सामाजिक लेख



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..
एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433



## भरोसा..

भरोसा वो धागा है नाज़ुक सा,
रिश्तों की माला पिरोता है।
टूट जाए अगर एक बार,
तो उम्र भर चुभता है।

भरोसा आँखों की बोली है,
बिन कहे सब कह जाती है।
दिल से दिल का रिश्ता जोड़कर,
हर दूरी मिटा जाती है।

भरोसा शीशे सा होता है,
ज़रा सी ठेस से बिखर जाता है।
जोड़ो लाख कोशिश करके भी,
दरार का निशान रह जाता है।

मत तोड़ो किसी का भरोसा,
ये अनमोल खज़ाना है।
जिसने एक बार खो दिया,
उसका हर अपना बेगाना है।

भरोसा करोगे
तो पाओगे,
दुनिया में
अपनापन सारा।
वरना तन्हा
रह जाओगे,
लेकर शक
का ये सहारा।

रचनाकार



मोहम्मद अरशद खान
मो. 8103793691

## साल दर साल बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़?

***यह कैसा सिस्टम है हमारे देश का शिक्षा को सर्वोपरि माना जाता है पर हमारे देश में शिक्षा के क्षेत्र में सबसे बड़ी धांधली और भ्रष्टाचार व्याप्त है आए दिन सुनने में आता है कहीं परीक्षा निरस्त तो कहीं परीक्षा का पेपर लीक हुआ तो कहीं रिजल्ट खराब हुआ आखिर शिक्षा के क्षेत्र में ही इतनी धांधली क्यों होती है?***

क्या हमारा सिस्टम इतना बेकार है या सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है सिर्फ फ्री का राशन धर्म की राजनीति और आए दिन सभाएं रैली इसके अलावा जिन मुद्दों पर ध्यान दिया जाना चाहिए सरकार उसको इग्नोर करती है नीट का एग्जाम जो देश का सबसे बड़ा एग्जाम कहलाता है उस परीक्षा में भी इतनी बड़ी धांधली की उम्मीद भारत देश में ही कर सकते हैं जहां एक ओर हम डिजिटल की ओर बढ़ रहे हैं तो दूसरी तरफ बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है अभी 12ह्ळ्द्ध सीबीएसई का रिजल्ट देख लीजिए कई बच्चे मायूस हो गए बच्चों के चेहरे पर जो मायूसी मां-बाप देख सकते हैं वह सरकार नहीं देख पाती शायद इसलिए इस और ध्यान नहीं देती है हर बार वही होता है उसके बावजूद वही गलतियां क्यों दोहराई जाती है?

क्यों सरकार इस और कठोर कदम नहीं उठाती है क्या बच्चे कोई कठपुतली है कि जो कल पेपर दिया आज एग्जाम निरस्त फिर से बच्चों को इसी मानसिक दबाव से गुजरना पड़ता है जिसे सरकारें नहीं समझ सकती।

अरे बदलाव करना है तो हर बार जो खामियां होती है उसमें सुधार करिए.. ना कि फ्री का राशन और आरक्षण की बात करते हुए अपना वोट बैंक मजबूत करिए!

लेखिका



अनुराधा विशाल देशमुख

## छोटा दुकानदार..

बेरोजगारी जैसा आलम है
फिर भी दुकानदार कहलाता हूँ,
धंधा आज नहीं तों कल होगा
ये कहकर दिल को बहलाता हूँ।

ना दुकानदारी छोड़ सकता हूं
और ना ही नया कुछ कर सकता हूं,
ग्राहक के इंतजार में बस
आहे भर सकता हूं।

छोटा दुकानदार हूं
अधर में लटका हूँ,
आज का दिन कल से बेहतर होगा
इस आस में अटका हूं।

तेजी -मंदी, चढ़ाव -उतार
मैंने बहुत कुछ सहा है,
मगर खुलकर कहाँ कभी
अपने दिल की बात कहा है..!

कई सरकारें आई-गई
कोई नहीं हमारी सुनने वाला
कोई तों ऐसा कारीगर हो
हमारे सपनों को हकीकत में बुनने वाला

छोटा दुकानदार हूँ, दुकानदारी को
जिवन-यापन का जरिया बनाया है,
बूंद बूंद से भरे घागर को ही
जिंदगी का दरिया बनाया है

इस आधुनिकीकरण ने धंदे की खाट लगाकर रखी है
अब तो ऑनलाइन व्यापार ने हमारी वाट लगाकर रखी है।

अकील आर्ट - सालेकसा

## रौनक बन गई है अब कलम बाजार की..

रौनक बन गई है अब कलम बाजार की
तारीफों से लदीं है सुर्खियां अख़बार की।

जिसे सरकार से जवाब-तलब करना था
वो मिडिया गुलामी कर रही सरकार की।

चोर लुटेरों को भेज कर संसद विधान में
अब मांग कर रहे हक और अधिकार की।

जाति-धर्म में ऐसी उलझीं जनता देश की
ना शिक्षा की बात करती ना रोजगार की।

किसान को नुक़सान व्यापारी को मुनाफ़ा
बहुत ही गज़ब है यहां निति सरकार की।

लाखों में वेतन पर 100-200 की रिश्वत
क्या क़ीमत आदमी के ऐसे किरदार की।

परीक्षा के पहले ही पेपर लिक हो जाता है
कोई कद्र नहीं है देश में अपने होनहार की।

जालिमों से बचाने कोई अवतार न आयेगा
संजय खुद लड़नी होगी लड़ाई अधिकार की।

संजय 'अश्क'

**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप से जोड़ा जा सकता है।

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 186

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 | | ■ | 7 | | 8 | 9 | ■ | 10 | 11 | | 12 | 13 | 14 | ■ |
| 15 | | | 16 | | | | ■ | 17 | | ■ | 18 | | 19 | | | ■ | 20 | | | |
| 21 | | ■ | | ■ | 22 | | 23 | ■ | 24 | 25 | | ■ | 26 | | | | ■ | 27 | | ■ |
| ■ | 28 | | | | ■ | 29 | | 30 | ■ | | ■ | 31 | | ■ | | ■ | 32 | | ■ | 33 |
| 34 | | ■ | | ■ | 35 | ■ | 36 | | 37 | ■ | 38 | | | | ■ | 39 | | ■ | 40 | |
| | ■ | 41 | | 42 | | | ■ | 43 | | ■ | 44 | | ■ | ■ | 45 | | ■ | 46 | ■ | |
| 47 | 48 | | ■ | 49 | | ■ | 50 | | ■ | 51 | | | 52 | | ■ | 53 | | | 54 | ■ |
| 55 | | ■ | 56 | ■ | ■ | 57 | ■ | | ■ | 58 | | ■ | | ■ | 59 | | ■ | 60 | | 61 |
| | ■ | 62 | ■ | 63 | 64 | | 65 | | | ■ | 66 | 67 | | | ■ | 68 | 69 | ■ | 70 | |
| 71 | 72 | ■ | 73 | | | ■ | 74 | | ■ | 75 | ■ | 76 | | ■ | 77 | | | | ■ | |
| ■ | 78 | | ■ | 79 | | | | ■ | 80 | | | | ■ | 81 | | ■ | | ■ | 82 | |
| 83 | | ■ | 84 | | ■ | ■ | 85 | | | | ■ | 86 | 87 | ■ | | 88 | ■ | 89 | ■ | |
| 90 | | 91 | | ■ | 92 | 93 | | ■ | | ■ | 94 | ■ | 95 | 96 | 97 | | ■ | 98 | 99 | |
| | ■ | 100 | | 101 | | | ■ | 102 | ■ | 103 | | 104 | ■ | 105 | | | ■ | ■ | | ■ |
| 106 | 107 | | ■ | 108 | | | 109 | | | | ■ | 110 | | | | | 111 | 112 | | 113 |
| 114 | | ■ | 115 | | | ■ | 116 | | ■ | 117 | | | ■ | 118 | | ■ | 119 | | | |

**ck;s ls nk;s&** 1) दूरी,, अंतर 4) पान सुपारी रखने की तश्तरी 7) रास्ता भटका हुआ 10) नसीहत देना या शिक्षा देना इस अर्थवाला एक मुहावरा 15) लगातार व्यर्थ की बात करना अर्थवाला एक मुहावरा 17) पेड़ 18) दुर्व्यवहार (उर्दू) 20) प्रणाम 21) प्याला (अंग्रेजी) 22) माथा 24) दूध औटाकर बनाया जानेवाला एक मीठा व्यंजन 26) पशुओं चराकर जीविका चलानेवाला 27) खुजली 28) श्रीरामचंद्रजी का एक नाम 29) ओछापन 31) हृदय 32) द्वेष, जलन 34) आलसी 36) छल, धोखा 38) अनुमति 39) मालाकार 40) इतिहासकालीन 'मजनु' की प्रेमिका 41) महात्मा गांधीजी का जन्मस्थान 43) आदर 44) पहाड़ 45) शहद 47) महीन, पीसा हुआ चूर्ण 49) गरीब 50) पातक 51) आटे या मैदे का छोटे चौकोर टुकड़ोंवाला एक पक्वान 53) इस मराठी चरित्र अभिनेत्रीने अनेक फिल्मों में सलमान खान की मां का रोल अदा किया था 55) मजहब 56) माता 58) पेंदा 59) 'तेजी' का विरुद्धार्थी शब्द 60) 'कलश' का गलत उच्चारण 62) अथवा 63) किसी संस्था आदि के पच्चीसवी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मनाया जानेवाला समारोह 66) बालकपन 68) उज्जैन इस नदी के किनारे बसा हुआ है 70) सूजी 71) रिश्ता 73) खेत की उपज 74) केवल 76) रात्रि 77) कैंची से कागज काटना 78) किरण 79) हमारे एक भूतपूर्व प्रधानमंत्री का कुलनाम 80) महाराष्ट्र में बहनेवाली एक नदी 81) बीमारी 82) टेबल 83) कसूर, अपराध 84) मुंह में पानी भरकर फेंकने की क्रिया 85) हैदराबाद से सात मील पर स्थित यह स्थान बहनवी वंश के सुलतानों की राजधानी रहा है, यहां का किला अब एक खंडहरनुमा दर्शनीय स्थल है 86) हाथ 90) तुणीर 92) व्यभिचारीणी स्त्री 95) मुसलमान उनके इस महीने में रोजा रखते है 98) दो नदीयों की बीच की जमीन 100) एक राजनीतिक दल से दुसरे राजनीतिक दल में जाने की क्रिया 103) डोली उठानेवाली एक जाति 105) गाना (उर्दू) 106) ऐसा घाव जिसमें से बराबर मवाद निकलता रहता है 108) दिवाली का एक दिन 110) हमारे एक भूतपूर्व प्रधानमंत्री 114) शरीर की ऊंचाई 115) नियुक्त 116) स्थिर दृष्टी 117) बिजली 118) युद्ध 119) बकबक

**Åij ls uhps&** 1) बड़ा दरवाजा 2) संरक्षक (उर्दू) 3) 'लॉर्ड' का हिन्दीकरण, मीनार का स्तंभ 4) हमारे एक पड़ोसी देश का संक्षिप्त नाम 5) जहन्नुम 6) अन्नजल 7) घमंड 8) बिहार के एक भूतपूर्व मुख्यमंत्री का केवल नाम 9) सीमा 10) युद्ध 11) ताकतवर 12) छोर 13) फिजूल 14) खड़ा 16) रचयिता 19) आश्चर्य 23) लोच 25) बहुत 30) थर्मामीटर 31) प्रकट, प्रकाशित 32) शाखा 33) परामर्श 34) बेहोश होना 35) प्रणाम 37) एक पाश्चात्य तोल 38) क्रान्ति (उर्दू) 39) फिल्म 'हम आपके है कौन' में सलमान खान की हीरोइन 41) छोटे कद का घोड़ा, टट्टू (अंग्रेजी) 42) कैदी 46) विवाह का विच्छेद 48) कार्य, व्याकरण में एक कारक 51) सौ (संस्कृत) 52) इतिहास काल में इस शहर में तीन लड़ाईयां लड़ी गई 54) उदुंबर, पीपल और बरगद के जाति का एक बड़ा पेड़ और उसका फल 57) मलाई 61) प्रश्न – उत्तर 63) छेने की एक मिठाई 64) कमल 65) एक रेचक बीज 67) वह स्थान जहां पशु चरने आते है 69) भाग्य 72) धज्जियां 75) एक देश जिसकी राजधानी ओटावा है, कनाड़ा देश का उच्चारण 77) ऋण 80) स्वर्ग 83) जोखिमभरा84) प्रवीण 87) परत 88) जंगली फूलों की माला 89) भाद्रपद महीना 91) योग्यता 92) प्रकृति 93) लालच, किसी चीज को पाने की तीव्र इच्छा 94) मूषक 96) श्रीकृष्ण 97) जगने की क्रिया 99) जलवायु 101) तैयार होना 102) कुतूहल, उत्सुकता 103) कपड़े पर किया गया बेलबुटे का काम 104) रात 107) ब्याज 109) तुरन्त 111) ओंठ 112) सज्जन 113) रशिया का संक्षिप्त नाम (जवाब अगले अंक में )

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | दा | सी | न | ■ | रा | ■ | श | प | थ | प | त्र | ■ | धा | म | न | ■ | ना | स | म | झ |
| दा | म | ■ | मी | न | मे | ख | नि | का | ल | ना | ■ | जा | य | ज | ■ | गो | म | ती | ■ | ग |
| ह | न | न | ■ | न | श्व | र | ■ | ना | ■ | ह | वे | ली | ■ | दू | ब | रा | ज | ■ | ता | ड़ |
| र | ■ | स | हो | द | र | ■ | कू | ■ | म | ■ | ग | ■ | श | र | द | ■ | द | ह | क | ना |
| ण | ■ | ल | ड़ | ■ | ■ | स | ल | त | न | त | ■ | दे | व | ■ | ह | वा | ■ | ल | त | ■ |
| ■ | प | ■ | ल | ग | भ | ग | ■ | ल | ह | र | दा | र | ■ | म | ज | ह | ब | ■ | व | क्त |
| ई | टा | न | ग | र | ■ | र | वि | वा | र | ■ | मा | ■ | आ | द | मी | ■ | ग | द | र | ■ |
| जा | ना | ■ | ना | म | क | ■ | ज | र | ■ | है | द | रा | बा | द | ■ | ह | ल | वा | ■ | ग |
| द | ■ | त | ■ | मि | त | व्य | यी | ■ | ध | ■ | ■ | उ | द | गा | र | ■ | ■ | त | ला | श |
| ■ | म | क | ड़ | जा | ल | ■ | ■ | अ | न | व | र | त | ■ | र | ज | नी | श | ■ | चा | ■ |
| स | र | दी | ■ | ज | क | ड़ | ना | ■ | बा | र | ह | ■ | आ | ■ | क | ल | म | क | र | ना |
| ■ | त | र | फ | ■ | र | ■ | मी | या | द | ■ | नु | मा | इं | दा | ■ | म | शा | ल | ■ | पि |
| च | बा | ■ | ब | र | ना | ला | ■ | री | ■ | ई | मा | न | दा | र | ■ | ■ | द | ह | श | त |
| का | ■ | अ | ना | ज | ■ | ग | र्व | ■ | म | द | ■ | हा | ■ | ना | म | ■ | बे | का | र | ■ |
| च | क | वा | ■ | नी | य | त | ■ | ह | क | ■ | त | नि | क | ■ | द | ■ | ग | री | ब | ■ |
| क | श | म | क | श | ■ | ■ | क | द | र | दा | न | ■ | म | हा | न | त | म | ■ | त | र्क |

anumeya-08446302691




जग प्रेरणा


# खेल / मनोरंजन





## पदार्पण में चमके सुथार, अफगानिस्तान के खिलाफ भारत की मजबूत पकड़...

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***पदार्पण कर रहे बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार की कलात्मक गेंदबाजी ने भारतीय क्रिकेट को उज्ज्वल भविष्य की झलक दिखाई और उनके तीन विकेटों की बदौलत भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के दूसरे दिन पूरी तरह दबदबा कायम कर लिया।***



भीषण गर्मी के बीच भारत ने वॉशिंगटन सुंदर (नाबाद 52) के संयमित अर्धशतक और सुथार के साथ सातवें विकेट के लिए 54 रन की उपयोगी साझेदारी के बाद अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 564 रन बनाकर घोषित कर दी। दिन का खेल समाप्त होने तक अफगानिस्तान की टीम 113 रन पर पांच विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी। सुथार ने 15.5 ओवर में 21 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने सात ओवर में 27 रन देकर दो विकेट झटके।

पहली पारी में 41 गेंदों पर 28 रन की उपयोगी पारी खेलने के बाद सुथार ने गेंदबाजी में भी प्रभाव छोड़ा। चाय से पहले आखिरी ओवर में गेंदबाजी के लिए बुलाए गए सुथार ने अब्दुल मलिक (16) को आउट कर अपना पहला टेस्ट विकेट हासिल किया। मलिक शुरुआती तीन गेंदों पर असहज दिखे और चौथी गेंद पर स्वीप खेलने के प्रयास में विकेट गंवा बैठे। राजस्थान के श्रीगंगानगर के 23 वर्षीय सुथार की पारंपरिक शैली और कलात्मक रन-अप देखने लायक था। ऐसे दौर में जब टी20 क्रिकेट के प्रभाव से स्पिन गेंदबाजी विकेट चटकाने की जगह रन रोकने का हथियार बनती जा रही है, सुथार ने 'फ्लाइट' और 'टर्न' जैसे बुनियादी गुणों के दम पर अलग छाप छोड़ी। सुथार की 'फ्लाइटेड' गेंद को हवा में अतिरिक्त समय मिलने के कारण बल्लेबाजों को लगातार परेशान कर रही थी।

उनकी सबसे बड़ी विशेषता लगातार एक जैसी लाइन और लेंथ बनाए रखते हुए टर्न और उछाल में विविभता लाने की रही। टेलीविजन पर दिखाई गई पिच मैप से स्पष्ट था कि वह एक ही स्थान पर गेंद डालकर अलग-अलग प्रभाव पैदा कर रहे थे। कुछ गेंदें ज्यादा टर्न ले रही थीं, कुछ अतिरिक्त उछाल के साथ सीधी निकल रही थीं, जबकि कुछ पारंपरिक 'आर्म बॉल' के रूप में अंदर आती दिखीं। अब्दुल मलिक का विकेट ऐसी ही गेंद पर मिला, जो सीधी रही और अतिरिक्त उछाल के कारण उनका स्वीप शॉट गलत साबित हुआ।

कोलकाता नाइट राइडर्स के पूर्व बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज (12) को भी उन्होंने चतुराई से फंसाया। पहले कुछ सीधी गेंदें डालकर उन्हें आगे आने से रोका और फिर उसी स्थान से दायें हाथ के बल्लेबाज के लिए बाहर निकलती हुई गेंद लेकर बल्ले का किनारा लेती हुई दूसरी स्लिप में खड़े साई सुदर्शन के हाथों में चली गई।

उनका तीसरा विकेट अफसर जजई (तीन) के रूप में मिला। पिच पर टप्पा खाने के बाद गेंद की गति थोड़ी धीमी हो गयी और सुथार ने आसानी से कैच लपक लिया। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने भी सुथार पर पूरा भरोसा जताया और उन्हें एक छोर से लगातार 13 ओवर गेंदबाजी कराई, जबकि दूसरे छोर से मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और कुलदीप यादव का उपयोग करते रहे।

सुथार की यह प्रभावशाली शुरुआत अगर बेहतर भविष्य का संकेत है, तो भारतीय चयनकर्ताओं को लाल गेंद क्रिकेट में रविंद्र जडेजा के बाद के दौर को लेकर ज्यादा चिंता नहीं करनी पड़ेगी। इससे पहले ऋषभ पंत ने 121 गेंदों पर 81 रन की आकर्षक पारी खेलकर आलोचकों को जवाब दिया जबकि अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद सलीम ने 140 रन देकर छह विकेट चटकाए।

कम दर्शकों की मौजूदगी में पंत ने अपने आक्रामक अंदाज और संयम का बेहतरीन मिश्रण पेश किया। उन्होंने 121 गेंदों की पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाए। पंत शतक की ओर बढ़ रहे थे लेकिन ऑफ स्पिनर हशमुतुल्लाह शाहिदी ने अचानक अपनी गेंद की गति काफी धीमी कर दी। पंत ने उसे आगे बढ़कर खेलना चाहा लेकिन उनका शॉट हवा में लहरा गया और वह कैच आउट हो गए। अफगानिस्तान की ओर से आईपीएल स्टार अजमतुल्लाह ओमरजई बदकिस्मत नजर आए। दूसरी नयी गेंद से उन्होंने प्रभावशाली गेंदबाजी की और कई बार बल्लेबाजों को परेशान किया, लेकिन उन्हें अपेक्षित सफलता नहीं मिली। पहले दिन की तरह दूसरे दिन भी भारतीय बल्लेबाजों को जीवनदान मिला। गेंद पंत के बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर के दस्तानों में गई, लेकिन विकेटकीपर और क्षेत्ररक्षकों ने अपील नहीं की। सलामी बल्लेबाज केएल राहुल को मैच के पहले दिन इसी तरह का जीवनदान मिला था। भारत ने सुबह अपनी पारी तीन विकेट पर 368 रन से आगे बढ़ाई और पहले सत्र में 25 ओवर में 107 रन जोड़े। इस दौरान उसने कप्तान शुभमन गिल (177 गेंदों पर 126 रन), ध्रुव जुरेल (20 गेंदों पर 19 रन) और पंत के विकेट गंवाए। मैच के पहले दिन केएल राहुल ने 100 और साई सुदर्शन ने 81 रन बनाए थे। गिल सुबह के सत्र में आउट होने वाले पहले बल्लेबाज थे। सलीम की ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंद उनके बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर के दस्तानों में समां गई। इसके साथ ही गिल और पंत के बीच 169 रन की साझेदारी समाप्त हो गई। गिल ने अपनी पारी में 15 चौके और एक छक्का लगाया।

ध्रुव जुरेल ने विकेट के स्क्वायर क्षेत्र में कुछ खूबसूरत शॉट खेले, लेकिन सलीम की रिवर्स स्विंग लेती गेंद को उन्होंने छोड़ने का फैसला किया, जो उनकी विकेटों में समा गई। दर्शक हालांकि जुरेल के मुकाबले पंत के आउट होने से अधिक निराश थे। वॉशिंगटन सुंदर ने 68 गेंदों पर नाबाद 52 रन बनाए जबकि सुथार ने 41 गेंदों पर 28 रन का योगदान दिया। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 54 रन जोड़कर भारत को 500 रन के पार पहुंचाया। अफगानिस्तान के गेंदबाजों के थकने का फायदा उठाते हुए वॉशिंगटन ने धैर्य के साथ स्ट्राइक रोटेट की और मौके मिलने पर बड़े शॉट भी लगाए। उनके अर्धशतक पूरा करते ही कप्तान गिल ने पारी घोषित करने का संकेत दे दिया।

## French Open 2026: मीरा एंड्रीवा ने जीता महिला खिताब, टूर्नामेंट के इतिहास बनी दूसरी सबसे युवा खिलाड़ी..

डेस्क जगप्रेरणा।

***साल 2026 के दूसरे ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट फ्रेंच ओपन के महिला सिंगल्स का छह जून को फाइनल मुकाबला खेला गया जिसमें रूस की 19 साल की खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा का कमाल देखने को मिला***



जिन्होंने खिताबी मैच में पौलेंड की प्लेयर चवासिनस्का को सीधे सेटों में मात देने के साथ अपने करियर में पहला ग्रैंड स्लैम टाइटल अपने नाम किया। इस मैच में पूरी तरह से रूस की खिलाड़ी का दोनों सेटों में दबदबा देखने को मिला जिसमें चवासिनस्का को वापसी करने का कोई मौका नहीं मिला। वहीं मीरा एंड्रीवा अब महिला फ्रेंच ओपन का खिताब जीतने वाली टूर्नामेंट के इतिहास की दूसरी सबसे युवा खिलाड़ी बन गई हैं।

### मोनिका सेलेस के बाद बनी दूसरी सबसे युवा खिलाड़ी..

फ्रेंच ओपन के इतिहास में महिला सिंगल्स का सबसे कम उम्र में खिताब जीतने का रिकॉर्ड मोनिका सेलेस के नाम पर है, जिन्होंने 18 साल की उम्र में टाइटल अपने नाम किया था। वहीं मीरा एंड्रीवा अब 19 साल की उम्र में ये खिताबी जीतने वाली दूसरी युवा खिलाड़ी बन गई हैं। फाइनल मुकाबले को लेकर बात की जाए तो मीरा एंड्रीवा और चवासिनस्का के बीच में खेले गया पहला सेट 6-3 के अंतर से रूस की प्लेयर ने अपने नाम किया।

इसके बाद सभी की नजरें दूसरे सेट पर थी, जिसमें उम्मीद थी कि चवासिनस्का वापसी करते हुए इस मुकाबले को तीसरे सेट तक लेकर जाने में कामयाब रहेंगी लेकिन ऐसा नहीं हो सका जिसमें मीरा एंड्रीवा ने दूसरे सेट को 6-2 के अंतर से अपने नाम करने के साथ खिताब अपने नाम कर लिया जिसके बाद वह काफी भावुक भी दिखाई दी। मीरा एंड्रीवा फ्रेंच ओपन में साल 2005 के बाद जन्म लेने वाली पहली प्लेयर हैं जिन्होंने टाइटल अपने नाम किया है।

### मैड्रिड ओपन से बनाई पहचान..

रूस की 19 साल की खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा को लेकर बात की जाए तो उन्होंने साल मैड्रिड ओपन से अपनी पहचान बनाई है, जिसमें साल 2023 में जब वह डब्ल्यूटीए 1000 स्तर पर मुख्य ड्रॉ मैच जीतने सबसे कम उम्र की प्लेयर्स में शामिल हुई थी। वहीं 24 साल की माजा चवालिनस्का को लेकर बात की जाए तो उन्होंने फ्रेंच ओपन 2026 में क्वालीफायर के रूप में अपनी जगह बनाई थी, जिसमें यदि वह खिताब जीतती तो क्वालीफायर प्लेयर के रूप में टाइटल जीतने वाली पहली खिलाड़ी बन सकती थी।







**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।*


## दिव्यांका त्रिपाठी के जुड़वा बेटों की हुई छठी पूजा, दादी-नानी ने साथ मिलकर संभाली जिम्मेदारी, इमोशनल हुए विवेक..

डेस्क जगप्रेरणा।

***दिव्यांका त्रिपाठी और विवेक दहिया की खुशी इन दिनों सातवें आसमान पर है। हाल ही में दोनों पेरेंट्स बने हैं और वो भी दो जुड़वा बच्चों के। दिव्यांका और विवेक लंबे समय से माता-पिता बनने की राह देख रहे थे***



और इनके फैंस भी लंबे समय से गुड न्यूज का इंतजार कर रहे थे, जो अब जाकर खत्म हुआ है। कपल ने अपने यूट्यूब चैनल के जरिए फैंस के साथ ये गुड न्यूज साझा की थी। हाल ही में दोनों ने अपने जुड़वा बच्चों का इस दुनिया में स्वागत किया और अब अपने जुड़वा बच्चों के जन्म के छह दिन पूरे होने पर दिव्यांका और विवेक के परिवार ने साथ मिलकर बच्चों की छठी पूजा रखी, जिसमें दिव्यांका के बेटे की छोटी सी झलक देखने को भी मिली।

### दिव्यांका-विवेक ने शेयर किया नया व्लॉग..

पापा बनने के बाद विवेक दहिया ने एक नया व्लॉग यूट्यूब पर शेयर किया है, जिसमें बेटों की छठी पूजा की झलक दिखाई है। विवेक ने घर में चल रही पारंपरिक छठी पूजा के खास पल फैंस को दिखाए, जिसमें दोनों के परिवार के सदस्य ही शामिल हुए थे। विवेक और दिव्यांका की मां ने मिलकर सारी जिम्मेदारी संभाली और पूजा की तैयारी की और विवेक भी इसमें दोनों की मदद करते दिखे। उन्होंने खाना पकाने से लेकर पूजा की तैयारी करने तक में अपनी मां और दिव्यांका की मां की मदद की।

### दिखाई बेटे की झलक..

इसी व्लॉग के दौरान दिव्यांका और विवेक ने अपने जुड़वा बेटों की झलक भी फैंस को दिखाई। हालांकि, इसमें दोनों ने अपने बेटे के चेहरे को एक बड़े से फूल के जरिए छुपा लिया। फिर कपल ने घर में आयोजित पूजा की झलक दिखाई, जिसे देखने के बाद दिव्यांका और विवेक के फैंस बेहद खुश हैं। वीडियो में कपल के पेरेंट्स को भी देखा जा सकता है, जो काफी व्यस्त दिखीं।

### दिव्यांका-विवेक की लव स्टोरी..

दिव्यांका और विवेक की लव स्टोरी की बात करें तो दोनों की मुलाकात इनके टीवी शो 'ये हैं मोहब्बतें' के सेट पर हुई थी। यहीं दोनों की दोस्ती हुई और दोस्ती प्यार में बदल गई, जिसके बाद दोनों ने 2016 में भोपाल में शादी कर ली।

शादी के 10 साल बाद अब हाल ही में दिव्यांका और विवेक के घर पर जुड़वा बेटों की किलकारी गूंजी है, जिससे दोनों बेहद खुश हैं। दिव्यांका और विवेक ने 26 मई 2026 को ही अपने जुड़वा बेटों का इस दुनिया में स्वागत किया है।

## काला महीना था सौरव जोशी-अवंतिका के दूर रहने की वजह, क्या 7 महीने में टूटने वाली थी शादी? यूट्यूबर ने बताई सच्चाई..

डेस्क जगप्रेरणा।

***भारत के सबसे मशहूर और अमीर यूट्यूबर में से एक सौरव जोशी लंबे समय से अपने तलाक की अफवाहों की वजह से चर्चा में थे। यह रूमर तब फैलना शुरू हुआ, जब फैंस ने देखा कि उनकी पत्नी अवंतिका भट्ट उनके व्लॉग्स में नहीं दिख रही थीं।***



बाद में सौरव ने बताया कि अवंतिका किसी वजह से यहां नहीं हैं, क्योंकि कुछ हुआ है और वह अपने फैंस को सही समय आने पर बताएंगे कि वह क्यों चली गई थीं। अब सौरव जोशी ने अवंतिका के साथ अपने तलाक के बारे में सच बता दिया है।

### सौरव जोशी ने अवंतिका संग तलाक पर तोड़ी चुप्पी..

7 जून 2026 को सौरव ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक और व्लॉग शेयर किया। उन्होंने वीडियो की शुरुआत यह बताते हुए की कि वह अपनी पत्नी अवंतिका को लेने उनके घर जा रहे हैं। बाद में व्लॉग में उन्होंने अवंतिका के वहां न होने की असली वजह बताई। उन्होंने बताया कि कैसे लोग अवंतिका के न होने पर सवाल उठाने लगे थे और सोच रहे थे कि क्या शादी के 7 महीने बाद वह तलाक ले रहे हैं। अवंतिका के लगातार न दिखने की वजह से कई लोगों को लगा कि सौरव और अवंतिका का तलाक होने वाला है, जब उनके सबसे छोटे कजिन कुनाली ने उनसे अवंतिका के न होने के बारे में पूछा तो उन्होंने जवाब दिया कि ऐसा 'काला महीना' की वजह से हुआ है।

### सौरव जोशी और अवंतिका क्यों थे अलग?

सौरव ने खुलासा किया कि उनकी पहाड़ी संस्कृति में एक काला महीना होता है, जहां पत्नियां अशुभ होने के डर से अपने पति का चेहरा नहीं देखती हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें इस तरह के रीति-रिवाजों के बारे में कोई जानकारी नहीं थी, लेकिन उनका परिवार इन पर विश्वास करता है इसलिए उन्हें इसे फॉलो करना पड़ा। सौरव ने बताया कि काला महीना हर तीन साल बाद आता है। उन्होंने कहा:


### यूट्यूब ने बना दिया करोड़पति..

सौरव जोशी ने अपनी कड़ी मेहनत से सिर्फ26 साल की उम्र में बहुत कुछ हासिल कर चुके हैं। वे उत्तराखंड के सोमेश्वर में पले-बढ़े हैं। 12वीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद सौरव ने यूट्यूब पर अपने स्केच अपलोड करना शुरू किया। बाद में सौरव जोशी ने अपने परिवार और अपनी जिंदगी के बारे में व्लॉगिंग शुरू कर दी, जिसे बहुत से लोगों ने पसंद किया। उन्होंने महामारी के दौरान 365 दिनों तक रोजाना व्लॉग अपलोड किए और आज स्टार हैं।

## दिल्ली में किडनैप हो गए थे इम्तियाज अली, होस्टल से उठा ले गए लोकल गैंग के लोग, मुसीबत से कैसे निकले बाहर?

डेस्क जगप्रेरणा।

***इम्तियाज अली ने हिंदी सिनेमा को कई शानदार फिल्में दी हैं और अब अपनी नई फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' को लेकर चर्चा में हैं, जो जल्दी ही सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।***



इम्तियाज अली की इस नई फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच जबरदस्त बज बना हुआ है। फिल्म में दिलजीत दोसांझ, वेदांग रैना और शरवरी वाघ लीड रोल में नजर आने वाले हैं। इसी बीच इम्तियाज अली ने अपनी जिंदगी से जुड़े उस किस्से का खुलासा किया जिसे वह कभी नहीं भूल पाएंगे। उन्होंने उस दिन के बारे में बात की जब उन्हें कॉलेज के दिनों में किडनैप कर लिया गया था।

### जब इम्तियाज अली हो गए थे किडनैप..

ये बात 90 के दशक की है, तब इम्तियाज दिल्ली के हिंदू कॉलेज से पढ़ाई कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें हॉस्टल से एक लोकल गैंग के लोग उठा ले गए थे, जिसके बाद वह बड़ी मुश्किल से बचकर निकल पाए थे। इम्तियाज अली ने 'अनफिल्टर्ड विद समदीश' शो में इस पूरी घटना के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि ये पूरा विवाद **NSUI** और **ABVP** के बीच प्रतिद्वंद्विता के चलते हुआ था।

### छोटी सी बात पर बिगड़ी बात..

इम्तियाज अली ने इस पूरी घटना को याद करते हुए कहा- 'उन दिनों यूनिवर्सिटीज में **NSUI** और **ABVP** के बीच प्रतिद्वंद्विता बहुत ही आम बात थी। इसी दौरान किसी ने मेरे हॉस्टल की दीवार पर पोस्टर लगा दिया। पोस्टर लगाने वाले से मैंने कहा कि इसे हॉस्टल की सामने वाली दीवार पर न लगाएं, बल्कि इसकी जगह इसे साइड की दीवार पर लगा दें। मगर उन्होंनें मेरे मना करने के बाद भी पोस्टर हॉस्टल की सामने वाली दीवार पर चिपका दिया। मैंने उनके सामने ही ये पोस्टर सामने की दीवार से निकाल दिया और साइड वाली दीवार पर चिपका दिया। इसी से बात बिगड़ गई।'

### रात 2 बजे हॉस्टल से कर लिया गया किडनैप..

इम्तियाज अली आगे कहते हैं- 'पहले तो वो लोग चले गए। कुछ दिनों बाद एक रात करीब 2 बजे मेरा एक साथी हॉस्टल आया और मुझे भागने के लिए कहने लगा। उसने कहा- भाग वो लोग आ रहे हैं। तभी वो लोग आ गए और मुझसे कहा- हमारे साथ चलो। मैंने पूछा कहां चलना है, लेकिन वे चुप रहे। मुझे ले जाने के लिए वे साइकिल रिक्शा लेकर आए थे। उन लोगों ने अपने लीडर से कहा कि इसने पोस्टर फाड़ा है।

लीडर ने पूछा तो मैंने कहा- फाड़ा नहीं है, बल्कि निकालकर साइड की दीवार पर चिपका दिया। लीडर ने उनसे पूछा उन लोगों ने भी हामी भर दी। इसके बाद लीडर ने अपने आदमी को झूठ बोलने पर दो थप्पड़ मारे और इस तरह मैं इससे बाहर निकल सका।'




विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433



रविवार 07 जून 2026

जग प्रेरणा
# व्यापार समाचार

● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स






## एफपीआई ने जून के पहले सप्ताह में भारतीय शेयर बाजार से 43,000 करोड़ रुपये निकाले

नई दिल्ली, (भाषा)।

***विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय शेयर बाजार से अपनी हिस्सेदारी कम करना जारी रखा है और जून के पहले सप्ताह में करीब 43,000 करोड़ रुपये की निकासी की है।***




यह रुझान वैश्विक पूंजी के प्रौद्योगिकी और कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़े अवसरों की ओर झुकाव तथा रुपये में जारी कमजोरी के बीच देखने को मिला है।

नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार, इस निकासी के साथ ही वर्ष 2026 में अब तक भारतीय शेयरों से एफपीआई की कुल निकासी बढ़कर 2.67 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई है, जो पूरे 2025 में निकाले गए 1.66 लाख करोड़ रुपये से अधिक है।

बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजों, रुपये में गिरावट और वैश्विक बाजारों में विशेषकर प्रौद्योगिकी एवं एआई क्षेत्र में आकर्षक निवेश अवसरों के कारण एफपीआई भारतीय शेयर बाजार से दूरी बना रहे हैं। एल्फा एएमसी के संस्थापक राजेश सिंगला ने कहा, 'अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी और डॉलर की मजबूती के अलावा, वैश्विक निवेशक वर्तमान में दुनिया भर में उभर रहे सबसे बड़े प्रौद्योगिकी और एआई-संबंधित सार्वजनिक बाजार के अवसरों की ओर पूंजी को स्थानांतरित कर रहे हैं।

आगामी स्पेसएक्स के आईपीओ और अग्रणी एआई कंपनियों के इर्द-गिर्द संभावित पूंजी बाजार गतिविधियों के कारण वैश्विक नकदी वहां आकर्षित हो रही है। इससे भारत सहित अन्य उभरते बाजारों से अस्थायी रूप से पूंजी बाहर जा रही है।'

आंकड़ों के अनुसार, 2026 में फरवरी को छोड़कर हर महीने एफपीआई शुद्ध विक्रेता रहे हैं। जनवरी में 35,962 करोड़ रुपये की निकासी हुई, जबकि फरवरी में 22,615 करोड़ रुपये का निवेश दर्ज किया गया, जो पिछले 17 महीनों में सबसे अधिक मासिक निवेश था।

हालांकि, मार्च में बिकवाली तेज हो गई और विदेशी निवेशकों ने रिकॉर्ड 1.17 लाख करोड़ रुपये की निकासी की। अप्रैल में 60,847 करोड़ रुपये और मई में 32,963 करोड़ रुपये की निकासी जारी रही। जून के पहले सप्ताह में भी 42,927 करोड़ रुपये की निकासी दर्ज की गई।

विशेषज्ञों का कहना है कि रुपये में लगातार कमजोरी भी विदेशी निवेश की निकासी का एक प्रमुख कारण है। भारतीय मुद्रा 2026 में अब तक लगभग छह प्रतिशत और पिछले एक वर्ष में करीब 10 प्रतिशत कमजोर हुई है।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा कि सरकारी प्रतिभूतियों में एफपीआई निवेश से होने वाले ब्याज और पूंजीगत लाभ को कर से मुक्त करने के सरकार के फैसले के साथ-साथ हाल के आरबीआई के उपायों से नए विदेशी निवेश को समर्थन मिल सकता है।

## ऊर्जा संकट के मद्देनजर नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के विकास में तत्परता आनी चाहिए: आईएटीए प्रमुख

रियो डी जेनेरियो, (भाषा)।

***मौजूदा ऊर्जा संकट को देखते हुए टिकाऊ विमानन ईंधन (एसएएफ) समेत नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के विकास में और भी अधिक तत्परता आनी चाहिए तथा इस वर्ष आईएटीए उत्पादन लगभग 24 लाख टन तक पहुंचने का अनुमान है,***



जो वैश्विक विमान ईंधन उपयोग का केवल 0.8 प्रतिशत है। विमानन कंपनियों के समूह आईएटीए ने कहा कि हाल के दिनों में पश्चिम एशिया संकट के कारण विमान ईंधन की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है और एयरलाइन की परिचालन लागत भी बढ़ गई है।

एसएएफ का उत्पादन बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) ने नवीकरणीय ऊर्जा आपूर्ति का विस्तार करने, नीतिगत समर्थन को मजबूत करने, ईंधन अवसंरचना तक खुली पहुंच सुनिश्चित करने और अन्य उपाय लागू करने का सुझाव दिया है। आईएटीए विश्व भर में लगभग 370 एयरलाइन का प्रतिनिधित्व करता है। आईएटीए के महानिदेशक विली वॉल्श ने कहा, ''मौजूदा ऊर्जा संकट को देखते हुए एसएएफसमेत नवीकरणीय ऊर्जा के विकास के लिए और अधिक तत्परता दिखाई जानी चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन हमने अब तक ऊर्जा संकट, ऊर्जा आत्मनिर्भरता की आवश्यकता, रोजगार सृजन और जलवायु परिवर्तन से निपटने की तात्कालिकता को ऐसे प्रोत्साहनों में परिवर्तित नहीं किया है, जो एक व्यवहार्य एसएएफबाजार बनाने के लिए जरूरी हैं।'' आईएटीए में 'नेट जीरो रिसर्च एंड प्रोग्राम' की प्रमुख प्रीति जैन ने कहा कि एसएएफका उत्पादन 24 लाख टन होने का अनुमान है, जबकि उत्पादन क्षमता लगभग 90 लाख टन है।

उन्होंने शनिवार को यहां आईएटीए की वार्षिक आम बैठक से इतर जानकारी देते हुए कहा कि मौजूदा नीतिगत ढांचे के कारण इस क्षमता का पूरा उपयोग नहीं हो पा रहा है, क्योंकि यह ढांचा नवीकरणीय डीजल के उत्पादन को अधिक प्राथमिकता देता है। वॉल्श ने कहा कि एसएएफ उत्पादन के लिए यह एक और निराशाजनक वर्ष प्रतीत होता है। आईएटीए ने कहा कि एसएएफका उत्पादन 2026 में लगभग 24 लाख टन तक पहुंचने की उम्मीद है, जो विमानन ईंधन के उपयोग का केवल 0.8 प्रतिशत है और एयरलाइंस के लिए इसकी लागत 4.3 अरब अमेरिकी डॉलर होगी।

आईएटीए की वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं मुख्य अर्थशास्त्री मैरी ओवेन्स थॉमसन ने कहा कि अगर किसी ऐसे बाजार में अनिवार्य नियम लागू किए जाते हैं, जहां उत्पाद पर्याप्त रूप से उपलब्ध ही नहीं है, तो कीमतें बढ़ जाती हैं, जैसा कि यूरोप और ब्रिटेन में देखा गया है।

## पश्चिम एशिया संघर्ष, तेल की कीमतें और विदेशी निवशकों की गतिविधियां तय करेंगी बाजार की दिशा

नयी दिल्ली, (भाषा)।

***स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, कच्चे तेल की कीमतों पर इसके प्रभाव और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों पर निर्भर करेगी। विश्लेषकों ने यह राय व्यक्त की है।***




एक विशेषज्ञ ने कहा कि सप्ताहांत में अमेरिकी बाजारों में आई भारी गिरावट के बाद कारोबारी सप्ताह की शुरुआत सतर्कता के साथ हो सकती है। इसके अलावा मानसून और मुद्रास्फीति के आंकड़ों की घोषणा भी महत्वपूर्ण कारक होंगे जिन पर नजर रखनी होगी।

रेलिगेयर ब्रोकिंग के शोध प्रमुख अजित मिश्रा ने कहा, ''इस सप्ताह बाजार की दिशा प्रमुख मुद्रास्फीति और वैश्विक व्यापक आर्थिक आंकड़ों से तय होगी। भारत में निवेशक 12 जून को जारी होने वाले मई माह के मुद्रास्फीति के आंकड़ों और विदेशी मुद्रा भंडार आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखेंगे।'' मिश्रा ने कहा, ''वैश्विक स्तर पर अमेरिका-ईरान वार्ता और कच्चे तेल की कीमतें, मुद्रा का उतार-चढ़ाव और समग्र जोखिम लेने की धारणा पर पड़ने वाले प्रभाव पर निवेशकों की नजर रहेगी।''

अमेरिकी बाजार शुक्रवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुए, नैस्डैक कंपोजिट में 4.18 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। एसएंडपी 500 में 2.64 प्रतिशत और डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 1.35 प्रतिशत की गिरावट आई।

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, ''वैश्विक बाजारों, विशेष रूप से एआई (कृत्रिम मेधा) से संबंधित प्रौद्योगिकी शेयरों में आई भारी गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह के दौरान निवेशकों के अधिक सतर्कता बरतने की संभावना है। सकारात्मक पक्ष देखें तो, घरेलू बाजारों को कुछ सहायक कारक मिल रहे हैं, जैसे कि मजबूत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि के आंकड़े, आरबीआई की नीतिगत घोषणा के बाद रुपये में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में उल्लेखनीय गिरावट।''

उन्होंने कहा कि अमेरिका-ईरान घटनाक्रम बेहद अनिश्चित बने हुए है और वैश्विक बाजारों में अस्थिरता पैदा कर रहे हैं। पिछले सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स 532.4 अंक यानी 0.71 प्रतिशत और एनएसई निफ्टी 181.05 अंक यानी 0.76 प्रतिशत टूटा था। लाइवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक एवं शोध विश्लेषक हरिप्रसाद के. ने कहा, ''नैस्डैक में चार प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, जो अप्रैल, 2025 के बाद से एक दिन में सबसे बड़ी गिरावट है।

निवेशकों ने सेमीकंडक्टर और प्रौद्योगिकी शेयरों में अपना निवेश तेजी से कम किया है। भारतीय सूचकांकों में आईटी शेयरों का महत्वपूर्ण हिस्सा होने के कारण यह कमजोरी घरेलू बाजारों पर भी असर डाल सकती है और सप्ताह के शुरुआती दिनों में बाजार की धारणा पर दबाव बनाए रख सकती है।''

## केरल में समुद्री अर्थव्यवस्था के लिहाज से अपार संभावनाएं : मुख्यमंत्री सतीशन..

तिरुवनंतपुरम, (भाषा)।

***केरल के मुख्यमंत्री वीडी सतीशन ने कहा कि केरल में भारत के समुद्री प्रवेश द्वार के रूप में उभरने और नीली अर्थव्यवस्था में उपलब्ध अपार संभावनाओं का लाभ उठाने की क्षमता है।***

सतीशन ने कहा कि समुद्री अर्थव्यवस्था आर्थिक वृद्धि, रोजगार सृजन और समुद्री संरक्षण के बीच संतुलन बनाए रखते हुए समुद्री और तटीय संसाधनों के सतत उपयोग को बढ़ावा देती है।

मुख्यमंत्री ने विश्व महासागर दिवस (आठ जून) की पूर्व संध्या पर जनसंपर्क विभाग की ओर से जारी एक लेख में कहा कि राज्य की रणनीतिक तटीय स्थिति, बंदरगाह और समुद्री ढांचा भविष्य की आर्थिक वृद्धि के प्रमुख आधार हैं। सतीशन ने कहा कि केरल की 600 किलोमीटर लंबी तटरेखा, दो अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह, एक कंटेनर टर्मिनल, 17 छोटे बंदरगाह, मछली पकड़ने के बंदरगाह, अंतर्देशीय जलमार्ग और पर्यटन संपत्तियां मिलकर एक मजबूत समुद्री अर्थव्यवस्था की नींव रखती हैं।



मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की विकास रणनीति इन संसाधनों को एकीकृत कर केरल को बंदरगाह-आधारित अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित करने की परिकल्पना पर आधारित है, जिसमें माल परिवहन के लिए समुद्री मार्गों का अधिक उपयोग और आपूर्ति श्रृंखला, क्रूज पर्यटन, मत्स्य पालन, जलीय कृषि और समुद्री सेवाओं में अवसरों का विस्तार शामिल है।

उन्होंने कहा, ''सरकार का लक्ष्य इन संसाधनों को एकीकृत कर राज्य को एक प्रमुख बंदरगाह-आधारित अर्थव्यवस्था बनाना है, जिसमें वर्तमान में सड़क मार्ग से होने वाले कम से कम 50 प्रतिशत माल परिवहन को धीरे-धीरे समुद्री मार्गों पर स्थानांतरित किया जाएगा।''

सतीशन ने कहा कि विकास का दूसरा चरण क्रूज पर्यटन पर केंद्रित होगा, जबकि तीसरे चरण में राज्य की नदी प्रणाली से जुड़ी पर्यटन परियोजनाओं पर ध्यान दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि केरल को बंदरगाह-आधारित अर्थव्यवस्था में बदलने से रोजगार के लाखों अवसर पैदा हो सकते हैं। सतीशन ने कहा कि दुबई की अर्थव्यवस्था का लगभग 28 प्रतिशत हिस्सा उसके बंदरगाह क्षेत्र से आता है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि केरल की तटरेखा और समुद्री संसाधनों में आर्थिक विकास के अपार अवसर मौजूद हैं।

## एनसीएलएटी ने लिगेयर एविएशन के खिलाफ दिवाला मामला खारिज किया, धन के स्थानांतरण का मामला बताया

नयी दिल्ली, (भाषा)।

***राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने लिगेयर एविएशन लिमिटेड के खिलाफशुरू की गई दिवाला कार्यवाही को रद्द कर दिया है। न्यायाधिकरण ने कहा कि यह मामला किसी वास्तविक वित्तीय ऋण का नहीं,***




बल्कि धन के केवल इधर-उधर स्थानांतरण (राउंड ट्रिपिंग) का है। एनसीएलएटी ने अपने आदेश में कहा कि राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने रेलिगेयर एंटरप्राइजेज की याचिका स्वीकार करते समय लेन-देन की वास्तविक प्रकृति की पर्याप्त जांच नहीं की। रिकॉर्ड से स्पष्ट है कि लिगेयर एविएशन को ऐसा कोई वास्तविक वित्तीय ऋण नहीं दिया गया था, जिसे दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के तहत 'वित्तीय ऋण' माना जा सके।

न्यायाधिकरण ने कहा कि किसी लेन-देन को वित्तीय ऋण मानने के लिए उसमें 'टाइम वैल्यू ऑफ मनी'द का तत्व होना जरूरी है। इस मामले में ऐसा कोई तत्व मौजूद नहीं था।

टाइम वैल्यू ऑफमनी का अर्थ है कि आज का पैसा भविष्य में मिलने वाली समान राशि से अधिक मूल्यवान होता है, क्योंकि उसे निवेश करके अतिरिक्त आय अर्जित की जा सकती है।

दाइची सांक्यो की अपीलों को स्वीकार करते हुए एनसीएलएटी ने कहा कि संबंधित लेन-देन केवल धन के घुमाव का उदाहरण था, जिसे किसी अघोषित उद्देश्य से अंजाम दिया गया। इसलिए इसके आधार पर दिवाला प्रक्रिया शुरू नहीं की जा सकती थी।

पीठ ने यह भी कहा कि ऋण से संबंधित समझौता (एमओयू) एक औपचारिक दस्तावेज भर था, जिसे संदिग्ध लेन-देन को वैध दिखाने के लिए तैयार किया गया था।

मामले की सुनवाई के दौरान यह सामने आया कि 31 मार्च, 2009 को रेलिगेयर आर्ट्स इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट लिमिटेड (आरएआईएमएल) ने लिगेयर एविएशन को 3.6 करोड़ रुपये भेजे थे, लेकिन यह राशि उसी दिन आगे रेलिगेयर फिनवेस्ट को स्थानांतरित कर दी गई। एनसीएलएटी ने कहा कि बैंक रिकॉर्ड से यह भी पता चलता है कि समूह की विभिन्न कंपनियों के बीच उसी दिन धन का लगातार आदान-प्रदान हुआ, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह वास्तविक ऋण नहीं था।

न्यायाधिकरण ने एनसीएलटी की उस टिप्पणी को भी गलत ठहराया, जिसमें कहा गया था कि एमओयू में धन को किसी अन्य कंपनी को आगे भेजने का उल्लेख नहीं है। एनसीएलएटी के अनुसार, एनसीएलटी ने इस महत्वपूर्ण तथ्य पर ध्यान नहीं दिया कि राशि लिगेयर एविएशन के पास 24 घंटे भी नहीं रही थी और तुरंत दूसरी कंपनी को भेज दी गई थी।

यह मामला सिंह बंधुओं मालविंदर मोहन सिंह और शिविंदर मोहन सिंह से जुड़े कारोबारी समूह की कंपनियों से संबंधित है। दाइची सांक्यो ने इनसे जुड़े विवाद में 2016 में सिंगापुर मध्यस्थता न्यायाधिकरण अपने पक्ष में 3,500 करोड़ रुपये का फैसला भी हासिल किया था।

एनसीएलएटी ने अपने अंतिम आदेश में कहा कि जब लेन-देन में कोई वास्तविक वित्तीय ऋण ही मौजूद नहीं था, तब उसके आधार पर कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) शुरू नहीं की जा सकती थी। इसी आधार पर एनसीएलटी द्वारा दिवाला याचिका स्वीकार करने का आदेश रद्द कर दिया गया।

## एटीएफकी कीमत स्थिर बनाये रखने के लिए कोष की स्थापना का निर्णय अच्छा समाधान : आईएटीए

रियो डी जेनेरियो, (भाषा)।

***भारत सरकार के विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत स्थिर बनाए रखने के लिए कोष की स्थापना का निर्णय घरेलू एयरलाइन कंपनियों के सामने बढ़ती एटीएफ लागत की समस्या से निपटने का एक अच्छा समाधान है।***




अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आईएटीए) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही। आईएटीए के निदेशक (एनर्जी ट्रांजिशन) हेमंत मिस्त्री ने कहा कि लागत के प्रभाव के मामले में वैश्विक स्तर पर विमान ईंधन का मौजूदा परिदृश्य अभूतपूर्व है।

उन्होंने साथ ही चेतावनी दी कि यदि यह स्थिति जारी रही तो उड़ानों की संख्या में और कटौती करनी पड़ सकती है। आईएटीए एअर इंडिया, इंडिगो, एयर इंडिया एक्सप्रेस और स्पाइसजेट सहित 370 से अधिक एयरलाइन कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है। वैश्विक हवाई यातायात में इस संगठन की हिस्सेदारी लगभग 85 प्रतिशत है। ब्राजील में आईएटीए की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के इतर पीटीआई-भाषा से बातचीत के दौरान मिस्त्री ने कहा, ÷अगर स्थिति ऐसी ही बनी रही, तो मांग में और अधिक गिरावट देखने को मिलेगी... इस बेहद गंभीर स्थिति को संभालने का यही एकमात्र तरीका है।÷

विमानन क्षेत्र में मांग में गिरावट का व्यापक अर्थ विमान ईंधन की ऊंची कीमतों के कारण परिचालन लागत बढ़ने से उड़ानों की संख्या में कमी किए जाने से है। मिस्त्री ने कहा कि विमान ईंधन की कीमतें कच्चे तेल की कीमतों से अलग रुख दिखा रही हैं।

उन्होंने बताया, ÷हमने देखा है कि विमान ईंधन की औसत कीमत पिछले साल नवंबर में 96 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर इस साल अप्रैल में 188 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गई थी और अब यह लगभग 156 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर आ गई है।÷

उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत स्थिर बनाये रखने के लिए 10,000 करोड़ रुपये के कोष की स्थापना एयरलाइन कंपनियों के लिए दरों की अनिश्चितता की समस्या को दूर करने में मदद करेगी। उन्होंने कहा, ÷एटीएफ मूल्य स्थिरीकरण कोष की स्थापना इस समस्या का एक बहुत अच्छा समाधान है। यह सरकार का एक बहुत अच्छा कदम है।÷






जग प्रेरणा

# देश विदेश

● म.प्र. ● महाराष्ट्र ● छ.ग. ● उड़ीसा ● राजस्थान ● गुजरात ● दिल्ली ● हरियाणा ● पंजाब ● जम्मू कश्मीर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## उत्तराखंड चारधाम यात्राः केदारनाथ में सबसे ज्यादा 11 लाख पहुंचे तीर्थयात्री, स्वास्थ्य बिगड़ने से 161 ने गंवाई जान..



डेस्क जगप्रेरणा।

***उत्तराखंड में इस वर्ष अप्रैल से शुरू हुई प्रसिद्ध चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। रविवार को अधिकारियों द्वारा जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, यात्रा की शुरुआत से अब तक 31 लाख से अधिक तीर्थयात्री प्रदेश के विभिन्न पावन धामों के दर्शन कर चुके हैं।***

हालांकि, इस बीच स्वास्थ्य समस्याओं व अन्य कारणों से 161 श्रद्धालुओं की मौत की दुखद खबर भी सामने आई है।

### केदारनाथ में पहुंचे सबसे ज्यादा श्रद्धालु..

राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र की रिपोर्ट के मुताबिक, 22 अप्रैल को कपाट खुलने के बाद से बाबा केदारनाथ के दर्शन के लिए सबसे अधिक 11,05,676 तीर्थयात्री पहुंचे हैं। इसके बाद 23 अप्रैल से शुरू हुई बद्रीनाथ धाम की यात्रा में 9,08,619 श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। अन्य धामों की बात करें तो गंगोत्री मंदिर में 5,28,406, यमुनोत्री मंदिर में 5,07,421 और सिख तीर्थस्थल श्री हेमकुंड साहिब में 55,411 श्रद्धालु मत्था टेक चुके हैं। इसके अतिरिक्त, गौमुख मार्ग पर पहुंचने वाले 4,697 तीर्थयात्रियों की संख्या को गंगोत्री के आंकड़ों में ही शामिल किया गया है।

### वाहनों की आवाजाही और भारी भीड़..

चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर है। केवल शनिवार को ही 61,262 तीर्थयात्री 5,511 वाहनों में सवार होकर विभिन्न धामों में पहुंचे।

अधिकारियों ने जानकारी दी कि इस साल यात्रा की शुरुआत से लेकर अब तक कुल 2,89,918 वाहनों ने यात्रा मार्गों का उपयोग किया है, जिससे प्रशासन पर यातायात और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने का भारी दबाव है।

### स्वास्थ्य समस्याओं के चलते 161 श्रद्धालुओं ने गंवाई जान..

एक तरफ जहां यात्रा में आस्था का हुजूम उमड़ रहा है, वहीं दूसरी तरफ मौतों का आंकड़ा भी चिंता का विषय बना हुआ है। 19 अप्रैल से अब तक कुल 161 तीर्थयात्रियों की मृत्यु हो चुकी है। रिपोर्ट के अनुसार, इनमें से 152 श्रद्धालुओं की मौत ऊंचे पहाड़ी क्षेत्रों में स्वास्थ्य खराब होने और गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं (जैसे दिल का दौरा पड़ना या ऑक्सीजन की कमी) के कारण हुई। वहीं, 8 तीर्थयात्रियों की मौत अन्य हादसों और एक व्यक्ति की मृत्यु प्राकृतिक कारणों से हुई।

### यमुनोत्री मार्ग पर सबसे ज्यादा मौतें..

आंकड़ों के मुताबिक, दुर्गम और खड़ी चढ़ाई वाले यमुनोत्री मार्ग पर सबसे अधिक 78 श्रद्धालुओं की जान गई है। इसके बाद केदारनाथ में 47, बद्रीनाथ में 20 और गंगोत्री में 16 लोगों की मृत्यु दर्ज की गई है। प्रशासन ने तीर्थयात्रियों से अपील की है कि वे अपनी स्वास्थ्य जांच कराने के बाद ही यात्रा पर निकलें।

## पंजाब के दुकानदार की हत्या में शामिल दो शूटर जम्मू-कश्मीर से गिरफ्तार..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***पंजाब के फिरोजपुर जिले में एक दुकानदार की हत्या के मामले में कथित रूप से शामिल दो शूटरों को जम्मू-कश्मीर से गिरफ्तार किया गया है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने रविवार को यह जानकारी दी।***

डीजीपी ने बताया कि पंजाब पुलिस की एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिले के मक्खू कस्बे में स्थित गाबा जनरल स्टोर के मालिक गुरचरण सिंह गाबा की एक जून को दो अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस के अनुसार, हमलावर मोटरसाइकिल से बाजार पहुंचे थे और उन्होंने गुरचरण सिंह पर गोलीबारी की। गंभीर रूप से घायल गुरचरण ने बाद में दम तोड़ दिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजस्थान के भरतपुर निवासी विष्णु कुमार और कोटा निवासी राहुल महावर के रूप में हुई है। पुलिस की टीमों ने आरोपियों के कब्जे से प्वॉइंट 30 बोर की एक बेरेटा पिस्तौल और 10 कारतूस भी बरामद किए हैं।

डीजीपी ने कहा कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी विष्णु का आपराधिक इतिहास रहा है और वह रंगदारी, लूट, डकैती, चोरी और शस्त्र अधिनियम के उल्लंघन जैसे मामलों में शामिल रहा है। राजस्थान पुलिस ने विष्णु पर 10,000 रुपये का इनाम भी घोषित किया था। उन्होंने कहा कि मामले की विस्तृत जांच जारी है।

एजीटीएफ के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रमोद बान ने बताया कि घटना के बाद एजीटीएफ पंजाब ने पुलिस उपाधीक्षक राजन परमिंदर सिंह की निगरानी में 'हिल ट्रैप' नामक विशेष अभियान शुरू किया और राजस्थान में व्यापक छापेमारी की गई। उन्होंने कहा कि इन छापों के दौरान प्राप्त खुफिया जानकारी के आधार पर आरोपियों के जम्मू-कश्मीर में छिपे होने का पता चला। इसके बाद एजीटीएफ पंजाब, फिरोजपुर पुलिस और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने संयुक्त अभियान शुरू किया। बान ने बताया कि आरोपियों को जम्मू-कश्मीर में थाना कूड क्षेत्र के निकट पटनीटॉप-कूड मार्ग पर स्थापित एक जांच चौकी पर रोका गया। पुलिस के सामने आने पर आरोपियों ने गिरफ्तारी से कथित रूप से बचने का प्रयास किया।

पुलिस की टीमों ने हालांकि दोनों आरोपियों को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया और उनके कब्जे से पिस्तौल बरामद की। फिरोजपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भूपिंदर सिंह सिद्धू ने कहा कि पुलिस टीमें अब इस घटना के पीछे की बड़ी साजिश का पर्दाफाश करने पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। इसके तहत हमले की योजना बनाने, वित्तीय सहायता देने या किसी भी प्रकार से सहयोग करने वाले लोगों की पहचान की जा रही है।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें.. मो. 9329033433

## नहीं मान रहे नेतन्याहू, इजरायल ने हिजबुल्लाह के 150 ठिकानों पर किए भीषण हमले, ब्रिगेडियर जनरल, कैप्टन समेत कई की मौत..



डेस्क जगप्रेरणा।

***इजराइल की सेना ने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के लगभग 150 ठिकानों पर भीषण हमले किए हैं। मध्यस्थता की खबरों के बीच इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू नहीं रुक रहे हैं। अमेरिकी मध्यस्थता में हुई वार्ता के दौरान दोनों देशों के बीच सशर्त युद्धविराम पर सहमति बनने के कुछ दिनों बाद,***

दक्षिणी लेबनान में इजरायली हमलों में कम से कम 12 लोग मारे गए हैं, जिनमें लेबनानी सेना के उच्च पदस्थ अधिकारी भी शामिल हैं।

### ब्रिगेडियर जनरल, कैप्टन और एक सैनिक की मौत..

लेबनान की सेना ने कहा कि खारदाली-नबातीह सड़क पर एक सैन्य वाहन पर इजरायली हमले में एक ब्रिगेडियर जनरल, एक कैप्टन और एक सैनिक की मौत हो गई। वहीं, इजरायली सेना ने कहा कि शनिवार का हमला एक 'सक्रिय युद्ध क्षेत्र' में हुआ था।

### जानिए क्या बोली लेबनानी सेना..

लेबनानी सेना ने कहा कि जानबूझकर और बार-बार की जा रही क्रूर इजरायली आक्रामकता का उद्देश्य किसी भी समाधान तक पहुंचने के सभी प्रयासों को विफल करना है।

### लेबनान के राष्ट्रपति और पीएम ने हमले की निंदा की..

लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफऔन ने इस हमले की निंदा करते हुए इसे लेबनानी संप्रभुता और अंतरराष्ट्रीय कानूनों और मानदंडों का घोर उल्लंघन बताया है। साथ ही लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने इस हमले की निंदा की है।

### मारे गए लोगों के प्रति लेबनानी पीएम ने जताया दुख..

एक बयान में पीएम नवाफ सलाम ने ब्रिगेडियर जनरल वस्साम सबरा, कैप्टन एली खौरी और सैनिक हुसैन गोजल के परिवारों और सहयोगियों के साथ-साथ लेबनानी सेना के प्रति भी अपनी संवेदना व्यक्त की है।

### पूर्वी बेका घाटी में भी इजरायल ने किया था हमला..

बता दें कि पिछले दिनों इजरायल की वायुसेना ने लेबनान में पूर्वी बेका घाटी समेत हिजबुल्ला से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाकर हमले किए थे। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने लेबनानी चरमपंथियों समूहों पर हमले और तेज करने का संकल्प जताया था। नेतन्याहू की यह चेतावनी ऐसे समय में आई थी, जब हिजबुल्ला ने हाल के हफ्तों में दक्षिणी लेबनान और उत्तरी इजराइल में इजराइली सेना पर 'फाइबर ऑप्टिक ड्रोन' से हमले किए गए थे।

## सूरत में दो गुटों के बीच हिंसक झड़प में दो लोगों की मौत, दो गिरफ्तार..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***गुजरात के सूरत शहर में शनिवार देर रात एक चाय की दुकान पर हुए विवाद के बाद दो गुटों के बीच हुई हिंसक झड़प में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि दो अन्य आरोपी अभी फरार हैं। यह घटना शहर के सिंगनपुर इलाके में देर रात करीब डेढ़ बजे हुई।***

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) आलोक कुमार ने बताया कि मृतकों की पहचान भाटू माली और हर्षल पाटिल के रूप में हुई है। ये दोनों मूल रूप से महाराष्ट्र के रहने वाले थे और वर्तमान में सूरत में रह रहे थे। पुलिस के अनुसार, चाय की दुकान पर शुरू हुई मामूली बहस ने बाद में खूनी संघर्ष का रूप ले लिया।

उसने बताया कि माली और पाटील सहित चार लोग चाय की दुकान पर पहुंचे और कथित तौर पर गुटखे की मांग की। दुकान मालिक ने उनसे कहा कि दुकान बंद हो चुकी है। उस समय कुछ स्थानीय युवक दुकान के अंदर कैरम खेल रहे थे। आरोप है कि बाहर से आए गुट ने जबरन दुकान में घुसने की कोशिश की, जिसके बाद अंदर मौजूद लोगों के साथ उनकी बहस हो गई। डीसीपी कुमार ने बताया कि इसके बाद माली, पाटिल और उनके समूह के अन्य लोग (जो कतारगाम और लिंबायत इलाके के रहने वाले थे) वहां से चले गए, लेकिन कुछ ही देर बाद वे चाकुओं के साथ वापस लौटे।

इसके बाद दोनों पक्षों में हिंसक झड़प शुरू हो गई। पुलिस का मानना है कि इस संघर्ष में एक व्यक्ति की मौके पर ही घातक चोटों के कारण मौत हो गई, जबकि दूसरे की बाद में अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद सिंगनपुर थाना पुलिस, डी-स्टाफ, अपराध शाखा और स्थानीय अपराध शाखा के दल तुरंत मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।

कुमार ने बताया कि कुछ ही घंटों के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया और अन्य फरार आरोपियों की तलाश के प्रयास जारी हैं। उन्होंने मृतक की पहचान उजागर किए बिना बताया कि पीड़ितों में से एक का आपराधिक इतिहास रहा था। अधिकारी ने कहा कि उसे जिला बदर करने का एक प्रस्ताव पहले से ही विचाराधीन था और इससे पहले भी उसके खिलाफ मारपीट से जुड़े मामले दर्ज थे।

## दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में लगी आग में दो पालतू कुत्तों की मौत; सात लोगों को बचाया गया..




जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में रविवार को अपराह्न करीब 3:45 बजे एक घर में आग लगने के बाद दो पालतू कुत्तों की दम घुटने से मौत हो गई, जबकि चार बच्चों सहित सात निवासियों को बचा लिया गया।***

एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सी-600 नंबर के मकान में आग लग गई, जिससे ऊपरी मंजिलों पर रहने वाले लोग फंस गए। उन्होंने कहा कि घने धुएं से इमारत घिर गई और मुख्य सीढ़ी अवरुद्ध हो गई। पुलिस ने बताया कि धुएं के कारण दम घुटने से दो पालतू कुत्ते बेहोश पाए गए।

उन्होंने बताया, 'मौके पर ही आपातकालीन प्राथमिक उपचार और सीपीआर दिया गया। हालांकि, एक कुत्ते की दम घुटने से वहीं मौत हो गई, जबकि दूसरे को पास के पशु चिकित्सालय ले जाया गया, लेकिन वहां उसकी भी मौत हो गई।'

'कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन' (सीपीआर) एक जीवनरक्षक चिकित्सा प्रक्रिया है जिसका उपयोग तब किया जाता है जब किसी व्यक्ति की हृदय गति या सांस रुक जाती है। इसका प्रयोग जानवरों पर भी किया जाता है। दिल्ली अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि उन्होंने दो कुत्तों को बाहर निकाला, लेकिन उन्हें बचा नहीं सके।

पुलिस ने बताया कि आग लगने की सूचना पीसीआर को मिलने के बाद, स्थानीय पुलिस दल और दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) सहित अन्य बचाव एजेंसियां दक्षिण-पूर्वी दिल्ली स्थित घटनास्थल पर तुरंत पहुंचीं।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, 'टीम ने पाया कि इमारत की पहली मंजिल में आग लगी। लपटों और घने धुएं के कारण मुख्य सीढ़ी का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता था, जिससे कई लोग और दो कुत्ते अंदर फंसे रह गए।' पुलिस ने बताया कि विशेष उपकरणों और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करते हुए सात निवासियों (दो महिला, एक पुरुष और चार बच्चे) को इमारत से बचाया गया।

## बस तो चुरा ली लेकिन संभाल नहीं पाया, कई मकानों में टक्कर मारने के बाद छोड़कर फरार हो गया चोर..




***पलक्कड़ः केरल के पलक्कड़ में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक शख्स ने केएसआरटीसी की बस चोरी कर ली। हालांकि चोर ने बस तो चुरा ली, लेकिन फिर उसे लेकर भागने में वह असफल रहा।***

बस चोरी करने के बाद आरोपी ने शहर के कई हिस्सों में बस को दौड़ाया, लेकिन बस अनियंत्रित होती रही और उसने कई घरों और दुकानों में बस से टक्कर भी मारी। आखिरकार आरोपी बस को छोड़कर फरार हो गया। फिलहाल पुलिस की टीम अब सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही और आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस का कहना है कि पहले भी ऐसी घटनाएं सामने आई हैं।

### कई मकानों और दुकानों में मारी टक्कर..

घटना की जानकारी देते हुए पुलिस ने रविवार को बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने पलक्कड़ डिपो के पास खड़ी केरल राज्य सड़क परिवहन निगम (**KSRTC**) की बस चोरी कर ली। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने बस चोरी करने के बाद कई घरों और दुकानों में टक्कर मार दी। इससे बस और अन्य संपत्तियों को भी नुकसान पहुंचा है। हालांकि घटना के बाद आरोपी बस को छोड़कर फरार हो गया।

पुलिस के अनुसार, घटना लगभग 2.50 बजे की है। घटना के समय बस डिपो के बाहर खड़ी थी। इसी दौरान आरोपी आया और केएसआरटीसी की साधारण सेवा बस को लेकर फरार हो गया।

### बस छोड़कर फरार हुआ चोर..

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी ने बस को लापरवाही से चलाया। बस चोरी करने के बाद उसने बस को शहर के कुछ हिस्सों में दौड़ाया और कई जगहों पर टक्कर भी मारी। इससे एक घर की चारदीवारी और एक दुकान को नुकसान पहुंचा। पुलिस ने बताया कि इस घटना के दौरान बस को भी नुकसान पहुंचा है। वहीं रविवार की सुबह बस पलक्कड़ शहर में मंगलम टावर्स के पास सड़क किनारे लावारिस हालत में मिली। फिलहाल मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम आरोपी की पहचान और तलाश के लिए शहर के विभिन्न हिस्सों से सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस..

वहीं पलक्कड़ दक्षिण पुलिस ने घटना को लेकर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने कहा कि राज्य के अन्य हिस्सों से भी पहले इसी तरह की घटनाएं सामने आई हैं,

जिनमें खड़ी **KSRTC** बसों को अनाधिकृत रूप से चलाया गया था।

## दिल्ली अग्निकांडः जिस होटल में 21 लोग जिंदा जल गए, आखिर उसमें आग लगी कैसे? शेफ का बड़ा खुलासा..




डेस्क जगप्रेरणा।

दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में होटल में लगी आग ने 21 लोगों की जान ले ली थी। अब होटल के शेफ ने बताया है कि बिल्डिंग में आग कैसे लगी। मालवीय नगर आग मामले में पुलिस के मुताबिक पूछताछ में कुक नेगी की लापरवाही सामने आई है। दिल्ली होटल अग्निकांड मामले में पुलिस ने शनिवार को करीब छह घंटे की पूछताछ के बाद उसे हिरासत में लिया।

### स्टोव में धमाके के बाद फैली आग..

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, नेगी ने पूछताछ में बताया कि बुधवार सुबह रसोई में इलेक्ट्रिक स्टोव चालू करने के कुछ ही देर बाद आग लग गई। उसका दावा है कि स्टोव में विस्फोट हुआ, जिससे आग तेजी से पूरी बिल्डिंग में फैल गई।

### बयान को फॉरेंसिक रिपोर्ट से मैच करेगी पुलिस..

पुलिस का मानना है कि इलेक्ट्रॉनिक लॉक सिस्टम के निष्क्रिय होने से निकास मार्ग बंद हो गए, जिसके कारण कई लोगों की जान नहीं बचाई जा सकी। पुलिस कुक के बयान को फायर और फोरेंसिक रिपोर्ट आने पर उनसे मैच करकर आगे की जांच करेगी। सीनियर पुलिस अधिकारियों के मुताबिक इलेक्ट्रिक स्टोव में आग कुक की लापरवाही की वजह से लगी और वो वहां से डर के भाग गया था। आग लगने के बाद क्या कुक ने बिल्डिंग की मेन लाइट बन्द की, जिससे इलेक्ट्रॉनिक लॉक सिस्टम बन्द हो गए। इन फैक्ट्स को पुलिस क्रॉस वेरिफाई कर रही है। इलेक्ट्रिक स्टोव में आग लगने के दौरान जो लोग मौजूद थे, पुलिस उन सबके बयान दर्ज करेगी।

### कई कर्मचारियों से पूछताछ कर चुकी पुलिस..

इस त्रासदी से जुड़े घटनाक्रम को समझने के लिए पुलिस अब तक होटल के कई कर्मचारियों से पूछताछ कर चुकी है। इसके बाद होटल के 65 वर्षीय रसोइये को गिरफ्तार कर लिया है और फरार प्रबंधक की तलाश के प्रयास तेज कर दिए हैं। जांचकर्ताओं के अनुसार, बुधवार सुबह जब आग लगी, उस समय नेगी रसोईघर में खाना बना रहा था। आग लगने के सही कारण का पता फॉरेंसिक और पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही चल सकेगा, लेकिन शुरुआती जांच में संकेत मिले हैं कि आग संभवतः रसोईघर या उसके आसपास के हिस्से से शुरू हुई। इस हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई थी।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता

रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस

मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200










दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

गणेश भदाड़े आमगांव

मो. 7745823591


# सेवानिवृत्ति अंत नहीं, नए सफर की शुरुआत है, चुनौतियों का कर्मयोद्धा की तरह सामना करें - कमलेश बिसेन

## सेवानिवृत्त, पदोन्नति एवं स्थानांतरित अधिकारी-कर्मचारियों का विदाई समारोह संपन्न..

## ग्राम पंचायत अधिकारी तालुका संगठन की पहल..







**जगप्रेरणा सालेकसा।**

***जीवन के प्रत्येक टर्निंग पॉइंट का अर्थ अंत नहीं, बल्कि एक नए सफर की शुरुआत होता है। हर मोड़ इंसान को नई दिशा, नए अवसर और नई चुनौतियाँ प्रदान करता है।***

उस मोड़ पर आने वाले रास्ते को अपना बनाकर यदि सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ा जाए, तो जीवन अधिक सुखद एवं सफल बनता है। चाहे वह सेवानिवृत्ति का मोड़ हो अथवा जीवन का कोई भी महत्वपूर्ण परिवर्तन; प्रत्येक चरण का स्वागत कर उसे नई शुरुआत का अवसर मानना ही जीवन की वास्तविक सुंदरता है। ग्राम पंचायत अधिकारी एक सच्चा कर्मयोद्धा होता है और उसके सामने आने वाली चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना कर अपने मार्ग को सुगम बनाना चाहिए, ऐसा प्रतिपादन ग्राम पंचायत अधिकारी संगठन डी.एन.ई. 136 गोंदिया के जिलाध्यक्ष कमलेश बिसेन ने किया। वे ग्राम पंचायत अधिकारी संगठन डी.एन.ई. 136 तालुका सालेकसा द्वारा आयोजित तालुका के सेवानिवृत्त, पदोन्नति प्राप्त तथा स्थानांतरित अधिकारी-कर्मचारियों के सम्मानार्थ आयोजित त्रिस्तरीय विदाई समारोह में अध्यक्षीय उद्बोधन दे रहे थे।

कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में पंचायत समिति सालेकसा के समूह विकास अधिकारी संजय पुरी, सहायक समूह विकास अधिकारी तथा प्रशासन अधिकारी गणेश पवार, ग्राम पंचायत अधिकारी संगठन के महासचिव कुलदीप कापगते, जिला प्रचारक एवं प्रचार-प्रसार प्रमुख रामा जमईवार, जिला संगठन मंत्री रितेश शहारे, सहायक समूह विकास अधिकारी मुकेश वासनिक, विस्तार अधिकारी (पंचायत) भारती वाघमारे तथा तालुका अध्यक्ष शिवाजी राठोड उपस्थित थे।

कार्यक्रम की प्रस्तावना ग्राम पंचायत अधिकारी संगठन के सचिव एवं ग्राम पंचायत अधिकारी राजेश रामटेके ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तालुका प्रबंधक पवन पाथोडे ने किया, जबकि उपस्थितजनों का आभार ग्राम पंचायत अधिकारी राहुल हटवार ने व्यक्त किया।

कार्यक्रम का समापन हाजराफॉल परिसर में वृक्षारोपण कर किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आर. के. शहारे (जिला संगठन मंत्री, ग्राम पंचायत अधिकारी यूनियन), शिवाजी राठोड (तालुका अध्यक्ष), कौशल्या मेश्राम (उपाध्यक्ष), राजेश रामटेके (सचिव), पी. एम. चौव्हाण (कोषाध्यक्ष), पी. टी. गि-हीपुंजे, कु. आर. एम. उके, कु. सीमा मेश्राम, एच. एम. राऊत, ए. जी. सिरसाम, ए. झेड. दमाहे, एच. एस. दिहारी, एस. झेड. शिवणकर, ए. झेड. दमाहे, किशोर वैष्णव, वि. एम. कैलूके, ए. डी. कावळे, टी. एच. रहांगडाले, बाबा बडोले, आर. डी. डहाटे, राहुल हटवार, जयेंद्र चौव्हाण तथा कु. अनुष्का शर्मा ने विशेष परिश्रम किए।

### इनका किया गया सम्मान..

कार्यक्रम में सेवानिवृत्त विस्तार अधिकारी (पंचायत) कांतीकुमार शेंदुरकर एवं सेवानिवृत्त ग्राम पंचायत अधिकारी विनोद ढोमणे का उनकी धर्मपत्नी सहित सम्मान किया गया। साथ ही पदोन्नति प्राप्त विस्तार अधिकारी (कृषि) आर. एम. औरासे, स्वास्थ्य सेवक रवि राजगिरे तथा पंचायत समिति सालेकसा से स्थानांतरित ग्राम पंचायत अधिकारी रत्नाकर घरत एवं संजय साबळे का भी विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं प्रमुख अतिथियों के शुभहस्तों से शाल, श्रीफल एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर ग्राम पंचायत अधिकारी संगठन, तालुका सालेकसा की ओर से सम्मानित व्यक्तियों का गौरव किया गया। उपस्थितजनों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं आगामी कार्यकाल हेतु शुभकामनाएँ दीं।

# पत्रकार संघ द्वारा मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान




**जगप्रेरणा देवरी।**

***प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शैक्षणिक सत्र 2025-26 में विभिन्न माध्यमों एवं पाठ्यक्रमों में तहसील स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर***

अपने माता-पिता, विद्यालय तथा समाज का नाम गौरवान्वित करने वाले कक्षा 10वीं एवं 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह देवरी तहसील पत्रकार संघ के तत्वावधान में 5 जून (शुक्रवार) को आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगराध्यक्ष श्री संजू उईके ने की।

इस अवसर पर कृषि उपज बाजार समिति के सभापति श्री प्रमोद संगीडवार, शिक्षण महर्षि श्री झामसिंग येरणे, वरिष्ठ समाजसेवी श्री यादोराव पंचमवार, उपविभागीय अधिकारी श्रीमती कविता गायकवाड, तहसीलदार श्रीमती प्रणया भालेकर, आदिवासी विकास परियोजना अधिकारी श्री उमेश काशीद, पत्रकार संघ के संस्थापक अध्यक्ष श्री फावीन्द्र हाडगे, अध्यक्ष एडवोकेट प्रशांत संगीडवार, मुख्याध्यापक जी.एम. मेश्राम, श्री मनोजकुमार भुरे तथा पुराडा के मुख्याध्यापक श्री कापसे सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

सम्मान समारोह में कक्षा 10वीं सेमी माध्यम से आशुतोष तागड़े, कुणाल मेश्राम एवं पलक खरोले, कक्षा 10वीं अंग्रेजी माध्यम से आस्था अग्रवाल, वृक्षभ मेश्राम एवं यशस्वी शाहू, कक्षा 10वीं सीबीएसई से आर्या रामटेके, सलमान पठाण, ईशिका बोरकर, समृद्धि राऊत एवं शिवम बहेकार का सम्मान किया गया।

इसी प्रकार कक्षा 12वीं कला संकाय से क्रिश चौव्हान, कावेरी वर्चो एवं महिमा नेताम, विज्ञान संकाय से काजल निंबेकर, धनश्री बिसेन एवं रत्नाकर तागड़े तथा कक्षा 12वीं सीबीएसई से तनुजा दिहारी, प्रणाली राऊत एवं राजवीरसिंह भाटिया को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की सफलता के लिए पत्रकार संघ के कार्याध्यक्ष चंचल जैन, उपाध्यक्ष जुबीन खान, सुरेश साखरे, सचिव सुरेश चन्ने, कोषाध्यक्ष सुनील चोपकर, प्रचार प्रमुख संजय तरोणे तथा संगठन सदस्य महेंद्र मेश्राम, संजय मलेवार, शाहिद पठाण, देवेंद्र सेलोकर और किरण रामटेके सहित अन्य पदाधिकारियों ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

कार्यक्रम की प्रस्तावना एडवोकेट प्रशांत संगीडवार ने प्रस्तुत की, जबकि संचालन सुरेश चन्ने ने किया। अंत में संजय तरोणे ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# पुरातनबाई थानसिंग लील्हारे का निधन..



**जगप्रेरणा सालेकसा।**

***राष्ट्रीय युवा कॉंग्रेस जिला गोंदिया के सचिव ओमप्रकाश लिल्हारे एव पिपरिया जी.प. क्षेत्र की जिला परिषद सदस्या सौ. गीता ओमप्रकाश***

लील्हारे की सास पुरातनबाई थानसिंग लील्हारे (वय 85) का कल दोपहर 12 बजे देहांत हुवा।

उनका अंतिम संस्कार आज 08 जून सोमवार को सुबह 10 बजे स्थानिक मोक्षधाम विचारपुर मे किया जायेगा।

# बाघ के हमले के बाद ग्रामीणों में बढ़ा आक्रोश

## मुरडोली बफर जोन के पर्यटक प्रवेश द्वार को बंद करने की मांग..



**जगप्रेरणा गोरेगांव।**

***गोरेगांव तालुका के कालपथारी वन क्षेत्र में बाघ के हमले में एक युवक की मौत के बाद, बफर जोन के ग्रामीणों ने नागजीरा***

नावेगांव बाघ अभ्यारण्य (एनएनटीआर) प्रशासन और वन विभाग के खिलाफ कड़ा आक्रोश व्यक्त किया है और मुरडोली बफर जोन में पर्यटक प्रवेश द्वार को तत्काल बंद करने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि यह प्रवेश द्वार बंद नहीं किया गया तो वे कड़ा आंदोलन शुरू करेंगे।

कालपथारी निवासी दुलेश्वर संतोष खारकाटे (31) पर 5 जून को उस समय बाघ ने हमला कर दिया जब वह अपनी बकरियों के लिए चारा लेने जंगल गए थे। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल बन गया है और ग्रामीणों में आक्रोश की लहर दौड़ गई है। जिला परिषद सदस्य शशेंद्र भगत, सामूहिक वन अधिकार समिति के 7 सचिव किशोर मेश्राम, सुनील बाहेकर, पूर्व सरपंच मुकेश खारोले आदि ने इस घटना पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

### बोले प्रीतम सिंह कोडापे..

यह घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। हालांकि, यह नहीं कहा जा सकता कि यह घटना जंगल सफारी के कारण हुई है। उस क्षेत्र में लंबे समय से बाघों की मौजूदगी रही है और नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की जा रही है। समिति के अध्यक्ष शिवपाल टेकम, कृष्णकुमार ताराम और अब्दुल सैयद सहित स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया है कि मुरडोली पर्यटक प्रवेश द्वार वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास को बाधित कर रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, मुरदोली क्षेत्र में चल रही पर्यटक सफारी और जंगल में सड़क निर्माण के लिए जेसीबी मशीनों के इस्तेमाल से जंगली जानवर गांवों की ओर आ रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप, मानव-वन्यजीव संघर्ष बढ़ने की संभावना है। इसके अलावा, ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम सभा को सफारी शुरू करने की अनुमति नहीं दी गई है, जबकि मुरदोली पर्यटक क्षेत्र का कुछ हिस्सा ग्राम सभा के नियंत्रण में है। उन्होंने यह भी मांग की है कि नागजीरा अभयारण्य का पर्यटक प्रवेश द्वार, जो 30 से 35 वर्षों से बंद है, फिर से खोला जाए।

# फोरविलर की चपेट मे आने से टु व्हिलर चालक हुवे जख्मी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

***गोंदिया जिले के अर्जुनीमोर पुलिस थाना अंतर्गत वाहन अपघात का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 6/6/2026 के रात 8 बजे के दरम्यान पंचशील चौक अर्जुनीमोर मे फर्यादी धनंजय वल्के के भाई अपनी मोटरसायकल से घर आ रहे थे।***

आते समय पंचशील चौक मे आरोपी महिन्द्रा पिकअप वाहन क्रमांक एम एच 40 एजे 5340 के चालक ने बिना इंडीकेटर के गाडी मोडने से फर्यादी के भाई की मोटरसायकल क्रमांक एम एच 40 टी 4153 को ठोस मारी जिसमे बैठी बहु और भतीजी को गंभीर चोट आयी और मोटर सायकल चालक जख्मी होने से दिये शिकायत पर महिन्द्रा मालवाहक चालक के खिलाफपोस्टे अर्जुनी मोर मे अपराध क्रमांक 250/2026 धारा 281,125, अ,125, ब, भान्यास 2023 सहकलम 184, मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा रोशन गोंडाणे 1131 पोस्टे अर्जुनी मोर कर रहे है।

## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### जाली कागज बनाकर की सरकार से धोखाधडी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के डुग्गीपार पुलिस थाना अंतर्गत धोखाधडी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 12/3/2025 को आरोपी ने अपने शिक्षक पद पर रहते हुवे कामगार पोर्टल पर कामगार नुतनिकरण मंडल मे 90 दिन काम करने का जाली सर्टिफिकेट बनाकर जमा किया बाकी सहकारियो पर दबाव बनाया। जब आगे जॉच हुई तो उमेश बागडकर दोषी पाये जाने से फर्यादी की शिकायत पर पोस्टे डुग्गीपार मे आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 274/2026 धारा 318,2336,3, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा कठाणे 1510 पोस्टे डुग्गीपार कर रहे है।

### टिप्पर की एसटी बसको टक्कर बस का हुवा नुकसान मामला दर्ज।

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के अर्जुनी मोर पुलिस थाना अंतर्गत वाहन अपघात का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 6/6/2026 के दोपहर 1 बजे के दरम्यान निलज मोरगाव रोड पर फर्यादी मनोहर गायधने अपनी एस टी बस लेकर आ रहे थे। रास्ते मे नि लज रोड पर आरोपी ने अपना टिप्पर क्रमांक एम एच 35 एजे 5540 के चालक ने लापरवाही से चलाकर बस को ठोस मारी बस का नुकसान होने से फर्यादी की शिकायत पर पोस्टे अर्जुनी मोर मे टिप्पर चालक के खिलाफ अपराध क्रमांक 251/2026 धारा 281,324,3, भान्यास 2023 सहकलम 184, मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा रोशन गोंडाने 1131 पोस्टे अर्जुनी मोर कर रहे है।

### गाडी से स्लिप होकर जख्मी हुवे महीला की उपचार के दौरान मौत मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के चिचगड पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 18/5/2026 के सुबह 6 बजे के दरम्यान सौ राधिका गोविंद मरकाम उम्र 31 वर्ष निवासी पाऊलझोला अपने पती के साथ मोटरसायकल पर बैठकर तेंदुपत्ता तोडने जा रहे थी। रास्ते मे जाते समय मोटरसायकल स्लिप हुई दोनो पतिपत्नी गाडी से निचे गिरे पत्नी को सर मे गंभीर चोट आयी उसे उपचार के लिये ग्रामीण अस्पताल चिचगड ले गये जहा प्राथमिक उपचार कर नागपुर मेडिकल अस्पताल रेफर किया गया, जहा उपचार के चलते उसकी मौत हो गई पोस्टे अजनी नागपुर के कागजपत्र पोस्टे चिचगड मे प्राप्त होने से पोस्टे चिचगड मे अकस्मात मौत क्रमांक 16/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोहवा मरसकोल्हे 1227 पोस्टे चिचगड कर रहे है।

### लाख खरीदने गये व्यापारी का खुन मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के गोरेगाव पुलिस थाना अंतर्गत खुन का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 5/6/2026 को बाबुलाल दुलिचंद पटले उम्र 60 वर्ष रोज की तरह सुबह 7 बजे लाख खरीदने अपनी मोटरसायकल से गये। दोपहर 12 बजे गाव के नवरलाल सोनवाने ने फोन करके बताया की बाबुलाल की मोटसायकल बोरगाव खेत मे खड़ी है, जानकारी मिलते ही फर्यादी और उसके मामा ने जाकर देखा तो मोटरसायक ल खड़ी थी। बाबुलाल वहा नही थे जब फर्यादी और घर के लोगो ने इधर उधर देखा तो रात 12.30 बजे रोड से 200 मीटर की दूरी पर लाश मिली फर्यादी ने देखा तो मृतक बाबुलाल के चेहरे पर खुन लगा हुवा था उसे लाठी से मारकर उसका खुन किया गया है, फर्यादी के दिये बयान पर पोस्टे गोरेगाव मे अपराध क्रमांक 410/2026 धारा 103,1, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच सपोनी प्रशांत भुते पोस्टे गोरेगाव कर रहे है।

## आत्मसशक्तिकरण से राष्ट्र सशक्तिकरण..

# ब्रह्माकुमारीज का विशेष अभियान पहुंचा आमगांव..

## तनाव मुक्ति और मानसिक मजबूती के लिए आमगांव पुलिस स्टेशन में पुलिसकर्मियों को मिला राजयोग का विशेष प्रशिक्षण..

**जगप्रेरणा आमगांव।**

***प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, माउंट आबू के 'राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन' द्वारा संचालित सुरक्षा सेवा प्रभाग* (Security Services Wing) *का राष्ट्रव्यापी***

अभियान 'सेल्फ एम्पावरमेंट टू नेशन एम्पावरमेंट' (आत्मसशक्तिकरण से राष्ट्र सशक्तिकरण) शनिवार, 6 जून को आमगांव नगरी में पहुंचा। इस महत्वपूर्ण अभियान के तहत अहोरात्र देश और समाज की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा बलों के मानसिक स्वास्थ्य, तनाव मुक्ति और कल्याण के लिए आमगांव स्थित ब्रह्माकुमारी सेंटर और स्थानीय पुलिस स्टेशन में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।






**पुलिस स्टेशन में तनाव प्रबंधन पर विशेष सत्र :** अभियान का मुख्य और बेहद प्रभावशाली सत्र 'पुलिस स्टेशन आमगांव' में पुलिस अधिकारियों और जवानों के लिए आयोजित किया गया।

24 घंटे तनावपूर्ण माहौल में कर्तव्य निभाने वाले पुलिसकर्मियों के लिए इस दौरान 'तनाव प्रबंधन' **(Stress Management)** 'सकारात्मक सोच' **(Positive Thinking)** और विषम परिस्थितियों में 'आंतरिक आत्मबल' कैसे बढ़ाएं, इस पर विस्तार से चर्चा की गई। इस सत्र को सफल बनाने में बीके वैशाली बहन एवं बीके लक्ष्मी बहन का विशेष और सराहनीय सहयोग रहा। ज्ञानसरोवर, माउंट आबू से कार्यरत सुरक्षा सेवा प्रभाग पिछले एक वर्ष से सशस्त्र सेना, केंद्रीय पुलिस बल **(CPFs)** और राज्य पुलिस के जवानों व अधिकारियों के मानसिक कल्याण के लिए निरंतर विशेष उपक्रम चला रहा है। इसी कड़ी में अभियान का संदेश देने के लिए राष्ट्रीय स्तर के प्रख्यात वक्ता डॉ. ई. व्ही. स्वामीनाथन, बीके दीपा दीदी, कैप्टन शिव सिंह, बीके शैलेंद्र भाई और बीके विनोद भाई के प्रतिनिधिमंडल ने आमगांव सेंटर का दौरा किया। आमगांव सेंटर की मुख्य संचालिका बीके स्मिता दीदी के विशेष प्रयासों के कारण नगर के भाई-बहनों और पुलिस बल को इन अनुभवी मार्गदर्शकों से जुड़ने और राजयोग सीखने का यह अनमोल अवसर प्राप्त हुआ।



उल्लेखनीय है कि सुरक्षा सेवा प्रभाग के सफल 25 वर्ष पूर्ण होने की पूर्व संध्या पर 17 अप्रैल 2025 को माउंट आबू स्थित ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय में भारत के गृहमंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कर-कमलों द्वारा इस ऐतिहासिक अभियान का भव्य राष्ट्रव्यापी शुभारंभ किया गया था। वर्तमान में यह प्रभाग संपूर्ण विदर्भ क्षेत्र में 'आत्मशक्तिकरण' प्रोजेक्ट के अंतर्गत सुरक्षा बलों को मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाने के लिए विविध कार्यक्रम और कार्यशालाएं आयोजित कर रहा है।

**अभियान का मुख्य संदेश :** 'जब देश की सुरक्षा करने वाले जवानों और पुलिसकर्मियों का मन आंतरिक रूप से शांत, सकारात्मक और शक्तिशाली होगा, तभी देश की सीमाएं और समाज सुरक्षित रहेगा। आत्मशक्ति ही राष्ट्रशक्ति का आधार है।'

कार्यक्रम के समापन के अवसर पर उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों और जवानों ने राष्ट्रसेवा के अपने परम कर्तव्य के साथ-साथ प्रतिदिन राजयोग के अभ्यास द्वारा अपने आंतरिक आत्मबल को मजबूत करने का दृढ़ संकल्प लिया। इस प्रेरणादायी उपक्रम की आमगांव के नागरिक और पुलिस महकमे में काफी सराहना की जा रही है।






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145


महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# विश्व साइकिल दिवस पर गोंदिया में भव्य साइकिल रैली का हुआ आयोजन..

## नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शेंडे, पुलिस निरीक्षक किशोर पर्वते सहित 8 से 85 आयु वर्ग के लोगों ने भी चलाई साईकिल..








**जगप्रेरणा गोंदिया।** 'साइकिल चलाओ पर्यावरण बचाओ' और 'साइकिल चलाओ सेहत बनाओ' के नारों से परिसर को गुंजायमान करते हुए विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर आज गोंदिया शहर में एक भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया। 'गोंदिया साइकिलिंग संडे' ग्रुप द्वारा आयोजित इस रैली में 8 साल के बच्चे से लेकर 85 साल के बुजुर्ग तक, सभी आयु वर्ग के साइकिल प्रेमियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

इस रैली की मुख्य विशेषता यह रही कि गोंदिया नगर परिषद के अध्यक्ष सचिन शेंडे और गोंदिया शहर पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक किशोर पर्वते ने खुद साइकिल चलाकर इसमें हिस्सा लिया। जयस्तंभ चौक से शुरू हुई इस रैली को तहसीलदार शमशेर पठान और पुलिस निरीक्षक नागेश भास्कर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए करीब 5 किलोमीटर की दूरी तय कर यह रैली इंदिरा गांधी स्टेडियम पर समाप्त हुई।

'साइकिल चलाओ, प्रदूषण मिटाओ' और 'फिट इंडिया, हिट इंडिया' जैसे नारे लगाते हुए साइकिल चालकों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। रैली में डॉक्टर, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, स्कूली व कॉलेज के छात्र, महिलाएं, पुलिस कर्मी और सरकारी अधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। समापन के अवसर पर भाग लेने वाले सभी साइकिल चालकों को प्रमाणपत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए नगर अध्यक्ष सचिन शेंडे ने कहा, साइकिल एक पर्यावरण-अनुकूल वाहन है और स्वास्थ्य के लिए भी बहुत बेहतरीन है। हर किसी को सप्ताह में कम से कम एक दिन साइकिल जरूर चलानी चाहिए। 'गोंदिया साइकिलिंग संडे' ग्रुप पिछले 9 वर्षों से हर रविवार को साइकिलिंग के माध्यम से पर्यावरण बचाने का संदेश दे रहा है। आज की इस रैली में 500 से अधिक नागरिक शामिल हुए। बढ़ते प्रदूषण के दौर में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा सड़क पर उतरकर दिया गया यह संदेश शहरवासियों के लिए बेहद प्रेरणादायी साबित हुआ।

### यातायात विभाग द्वारा साइकिलों पर लगाए गए रेडियम

**गौरतलब है कि साइकिल रैली शुरू होने से पहले यातायात पुलिस विभाग (ट्रैफिक पुलिस) की ओर से रैली में शामिल प्रत्येक साइकिल पर लाल और सफेद रंग के रेडियम स्टिकर लगाए गए। ऐसा इसलिए किया गया ताकि अंधेरे में साइकिल चलाते समय सामने या पीछे से आने वाले वाहनों को रेडियम की चमक से साइकिल चालक स्पष्ट दिखाई दे सकें और किसी भी तरह की दुर्घटना से बचा जा सके।**

# पुलिस मुख्यालय गोंदिया (कारंजा) में मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय पर ध्यान साधना शिविर का आयोजन





**जगप्रेरणा गोंदिया।** *आज के व्यस्त और भागदौड़ भरे जीवन में पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी दिन-रात अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। इसके कारण वे विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं तथा मानसिक तनाव का सामना करते हैं। पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वास्थ्य* बेहतर रहे और वे तनावमुक्त जीवन जी सकें, इसी उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक गोंदिया श्री गोरख भामरे तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोंदिया (कैम्प देवरी) श्री अभय डोंगरे की पहल पर पुलिस मुख्यालय गोंदिया (कारंजा) स्थित प्रेरणा सभागार में दिनांक 06 जून 2026 को 'मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण' विषय पर ध्यान साधना शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में राजयोग एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन, ज्ञान सरोवर अकादमी, माउंट आबू (राजस्थान) के मार्गदर्शक डॉ. ई. वी. स्वामीनाथन, श्री शैलेन्द्र भाई, कैप्टन शिव सिंह, रत्नमाला दीदी तथा ब्रह्मकुमारी गोंदिया के श्री विनोद हरिणखेड़े, नम्रता बहन, लीलाधर भाई एवं यादोराव मस्के का गोंदिया जिला पुलिस की ओर से स्वागत किया गया।

मार्गदर्शकों ने अपने संबोधन में कहा कि विभिन्न कारणों से बढ़ता मानसिक तनाव आज गंभीर चिंता का विषय बन गया है। विश्वभर में हुए अनेक शोधों से यह सिद्ध हुआ है कि मानसिक तनाव को कम करने के लिए ध्यान साधना एक अत्यंत प्रभावी माध्यम है। इस पृष्ठभूमि में उन्होंने स्वयं के मन से संवाद स्थापित करने, तनाव की पहचान करने तथा उसे सकारात्मक तरीके से संभालने के उपायों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया।

साथ ही नकारात्मकता से सकारात्मकता की ओर बढ़ने, पुलिस कर्मियों को मानसिक रूप से अधिक सक्षम, आत्मविश्वासी एवं संतुलित बनाने, भावनात्मक संतुलन विकसित करने, निर्णय क्षमता को मजबूत करने तथा जीवन कौशलों के विकास संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।

इसके पश्चात उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ध्यान साधना का प्रत्यक्ष अनुभव कराया गया तथा सामूहिक ध्यान सत्र आयोजित किया गया। इस शिविर में पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) श्री रामदास शेवते, पुलिस निरीक्षक श्रीमती नंदिनी चानपुरकर सहित गोंदिया जिले के लगभग 135 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और उन्होंने इस शिविर का लाभ प्राप्त किया।

कार्यक्रम का संचालन पुलिस निरीक्षक श्रीमती नंदिनी चानपुरकर ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन सालेकसा पुलिस स्टेशन के थाना प्रभारी श्री भूषण बुराडे ने किया। शिविर के सफल आयोजन हेतु पुलिस निरीक्षक नंदिनी चानपुरकर, सहायक पुलिस निरीक्षक राजेश सरोदे, सफौ मुस्तफा सरवर, पुलिस हवलदार चंद्रकांत बरकुंड, संतोष चौधरी, राज वैद्य, पुलिस कॉन्स्टेबल अतुल कोल्हाटकर, महिला पुलिस कॉन्स्टेबल पल्लवी गजभिये तथा पुलिस मुख्यालय गोंदिया के डी.आई. स्टाफ ने विशेष योगदान दिया और अथक परिश्रम किए।

IIDM
INTERNATIONAL INSTITUTE OF DESIGN AND MANAGEMENT
DESIGN YOUR PASSION · BUILD YOUR FUTURE
ADMISSIONS OPEN
YOUR FUTURE. YOUR DESIGN. YOUR SUCCESS.
Shape Spaces. SHAPE TOMORROW.
CREATIVE MIND · DESIGN SKILLS · LIMITLESS CAREER
CERTIFICATE COURSES IN
INTERIOR DESIGN & INTERIOR ARCHITECTURE
DEGREE COURSES IN
INTERIOR DESIGN
SPECIALIZED DEGREE IN
ADVANCED VASTU SHASTRA
Turn Your PASSION into a PROFESSION!
DESIGN SPACES. CREATE IMPACT.
BUILD A CAREER THAT INSPIRES!
IIDM CAMPUS
21, Ashok Colony, Ganesh Nagar, Gondia- 441601
CONTACT :
7350603355, 9860113218

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
■ (IUI) आय.यू.आय.
■ अधिक उम्र में मातृत्व
■ ओव्हम डोनेशन द्वारा
■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
■ शुक्राणु बैंक सुविधा
■ सोनोग्राफी
■ हार्मोस की जांच
■ हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज
■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754

नया सोचो आयुर्वेद सोचो...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व आयुर्वेद पंचकर्म केन्द्र
● कमर का दर्द ● घुटनों का दर्द
● पिठ का दर्द ● गर्दन व कंधों का दर्द
● आमवात, गठीया वात एवं सायटिका
● अत्याधुनिक सुविधा युक्त पंचकर्म चिकित्सा कक्ष
● शास्त्रशुध्द एवं गुणवत्तायुक्त स्वनिर्मीत औषधियों का प्रयोग
● रोगी एवं व्याधी अनुरुप पंचकर्म सुविधा
डॉ. अपर्णा खोब्रागडे
B.A.M.S., M.D. (Nashik)
आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सक
7620340356
साकेत पब्लिक स्कुल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738

# सारस पक्षी संरक्षण एवं विषमुक्त खेती विषय पर कार्यशाला उत्साहपूर्वक संपन्न




**जगप्रेरणा गोंदिया।** जिला अधीक्षक कृषि अधिकारी, गोंदिया तथा सेवा संस्था गोंदिया के संयुक्त तत्वावधान में 'सारस पक्षी संरक्षण एवं विषमुक्त खेती' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 03 जून 2026 (बुधवार) को नया डीपीसी हॉल, जिला कलेक्टर कार्यालय, गोंदिया में किया गया। इस कार्यशाला में जिले के कृषि औषधि विक्रेताओं, किसानों, कृषि अधिकारियों एवं कर्मचारियों, कृषि मित्रों तथा स्वयंसेवी सारस मित्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य गोंदिया जिले में सारस पक्षियों की वर्तमान स्थिति, उनके आवासों का संरक्षण, प्रजनन क्षेत्रों का संवर्धन तथा विषमुक्त एवं जैव विविधता के अनुकूल कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर यह रेखांकित किया गया कि सारस पक्षियों के प्राकृतिक आवासों को सुरक्षित रखने के लिए स्थानीय किसानों, ग्रामीणों और समुदाय की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम में सेवा संस्था के अध्यक्ष श्री सावन बहेकार ने सारस पक्षियों की वर्तमान स्थिति, गोंदिया जिले के आवास क्षेत्रों की समीक्षा, संरक्षण के समक्ष मौजूद चुनौतियों तथा समुदाय आधारित संरक्षण की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसानों और ग्रामीण स्तर पर जनसहभागिता के बिना सारस संरक्षण के लक्ष्य प्राप्त नहीं किए जा सकते। साथ ही उन्होंने विषमुक्त खेती अपनाने का आह्वान किया।

जिला अधीक्षक कृषि अधिकारी, गोंदिया श्री निलेश कानवडे ने कृषि आदान विक्रेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण और सतत कृषि व्यवस्था में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अपील की कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले, जैव विविधता के लिए खतरा पैदा करने वाले तथा शासन द्वारा प्रतिबंधित रासायनिक कीटनाशकों, खरपतवारनाशकों और अन्य रसायनों की बिक्री किसानों को न की जाए। उन्होंने बताया कि ऐसे रसायनों के उपयोग से मिट्टी का स्वास्थ्य प्रभावित होता है, जल स्त्रोत प्रदूषित होते हैं, लाभकारी कीटों और पक्षियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है तथा पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ता है। विशेष रूप से सारस जैसे जैव विविधता की दृष्टि से महत्वपूर्ण पक्षियों के आवासों पर इन रसायनों का गंभीर दुष्प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि कृषि आदान विक्रेता केवल विक्रेता ही नहीं, बल्कि किसानों के मार्गदर्शक की भूमिका भी निभाएं तथा किसानों को आवश्यकता और अनुशंसा के अनुसार कृषि आदानों के उपयोग के संबंध में उचित मार्गदर्शन प्रदान करें। जैविक उर्वरकों, जैविक कीट नियंत्रण साधनों, जैविक आदानों और पर्यावरण अनुकूल कृषि तकनीकों के प्रसार के माध्यम से विषमुक्त खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी उन्होंने बल दिया।

डब्ल्यू डब्ल्यू एफ के प्रतिनिधि श्री रोशन राठोड ने सतत एवं सारस-अनुकूल धान खेती, एकीकृत कीट प्रबंधन, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, आर्थिक क्षति सीमा, लाभकारी कीटों की पहचान, सुरक्षित कीटनाशक उपयोग, मृदा परीक्षण आधारित उर्वरक प्रबंधन तथा मृदा स्वास्थ्य संरक्षण जैसे विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से पर्यावरण, जैव विविधता और सारस पक्षियों के आवासों पर होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी भी दी। कृषि वैज्ञानिक श्री राजा चौहान ने सतत कृषि पद्धतियों पर मार्गदर्शन करते हुए मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, जल प्रबंधन, जैविक एवं प्राकृतिक कृषि आदानों के संतुलित उपयोग, उत्पादन लागत में कमी तथा पर्यावरण अनुकूल कृषि तकनीकों के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सतत कृषि पद्धतियों को अपनाकर कृषि उत्पादकता बढ़ाने के साथ-साथ जैव विविधता संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकती है। कार्यशाला में सारस पक्षी संरक्षण हेतु खेत स्तर और खेत के बाहर किए जाने वाले विभिन्न उपायों पर चर्चा की गई। जैविक आदानों के उपयोग को बढ़ावा देने, पर्यावरण अनुकूल कृषि उत्पादों की स्थानीय बाजारों में उपलब्धता सुनिश्चित करने, किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करने, कीट एवं रोग प्रबंधन संबंधी जानकारी का प्रसार करने तथा जैव विविधता संरक्षण के प्रति व्यापक जनजागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम का प्रस्तावना एवं संचालन कृषि विभाग के जिला गुणवत्ता नियंत्रण निरीक्षक श्री संतोष सतदिवे ने किया। उन्होंने कार्यशाला की पृष्ठभूमि, उद्देश्यों तथा सारस पक्षी संरक्षण और विषमुक्त खेती के आपसी संबंधों पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला के माध्यम से ÷जिस खेत में सारस रहेंगे, वे खेत हमेशा समृद्ध रहेंगे÷ का संदेश प्रभावी रूप से दिया गया। उपस्थित लोगों ने सारस पक्षियों के संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन तथा सतत कृषि विकास के समन्वय से पर्यावरण अनुकूल कृषि व्यवस्था विकसित करने की आवश्यकता व्यक्त की।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला अधीक्षक कृषि अधिकारी कार्यालय, गोंदिया, सेवा संस्था गोंदिया के श्री डीलेश कुसराम, श्री सुशील बहेकार, श्री प्रतीक लाडेकर, श्री भास्कर कापसे, श्री राकेश चुटे तथा सहभागी किसानों, स्वयंसेवकों और संबंधित विभागों का आभार व्यक्त किया गया।

### व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।*

गोंदिया में जगप्रेरणा हेतु दिनेश उके से मोबाईल नंबर 9860558902 पर संपर्क करें।

गोंदिया शहर में दैनिक जगप्रेरणा की प्राप्ति हेतु संपर्क करें..
जग प्रेरणा
चौरसिया पान सेंटर
जय स्तंभ चौक बस स्टॉप, गोंदिया
मो. 08806083231

SONO VIEW
SONOGRAPHY
X-RAY
CT SCAN
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
■ Color Doppler ■ Power Doppler Imaging
■ B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging
■ Transrectric & TV Sonography
■ Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography
■ Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
■ Neonatologist Neurosonogram
■ 2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo
■ Whole Body Ct Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.
DIGITAL X-RAY
● 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
● 2D Echo
● Colour Doppler
● Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन
तुरकर क्लिनिक SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN
सिव्हिल लाईन, गोंदिया
फोन - 07182- 231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com SONOGRAPHY C.T. SCAN

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com